10- JULY- BSP- P-1_Layout 1 7/10/2025 5:30 AM Page 1


तापमान

अधिकतम 30.2 डिग्री

न्यूनतम 24.2 डिग्री

# हरिभूमि बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 11 जुलाई 2025




सावन आज से: मंदिरों में होगी विशेष पूजा



## खबर संक्षेप

### अग्निवीर वायु सेना भर्ती के लिए आवेदन आज से

**बिलासपुर।** भारतीय सेना में अग्निवीर वायु सेना भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन 11 जुलाई से प्रारंभ हो रहा है, जिसकी अंतिम तिथि 31 जुलाई है। इच्छुक आवेदक जिनकी आयु सीमा 17.5 से 21 वर्ष है तथा वायु सेना भर्ती हेतु निर्धारित शैक्षणिक अर्हता एवं शारीरिक मापदण्ड पूरी करते हैं वे भारतीय वायु सेना की वेबसाईट agnipathvayu.cdac.in में निर्धारित तिथि तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं।

### गायन प्रतियोगिता के लिए अंतिम स्वर प्रशिक्षण 13 को

**बिलासपुर।** 4 अगस्त को प्रसिद्ध गायक स्वर्गीय किशोर कुमार के जन्मदिन पर गायन प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन संगीत प्रेमियों के लिए एक सुनहरा अवसर होगा, जहां प्रतिभागी अपनी गायन प्रतिभा को मंच पर प्रदर्शित करेंगे। इस प्रतियोगिता से पूर्व अंतिम स्वर प्रशिक्षण 13 जुलाई रविवार की दोपहर 1 बजे से शाम 6 बजे तक तारबाहर नगीना मस्जिद एनएसएन रिकार्डिंग स्टुडियो में होगा। प्रतियोगिता में भाग लेने की न्यूनतम आयु सीमा 18 वर्ष और उससे ऊपर है। प्रतियोगिता में मोहम्मद रफी, मुकेश, किशोर कुमार, लता मंगेश्कर, बप्पी लहरी, आशा भोंसले के गाए हुए गीतों की प्रस्तुति होगी। आयोजन के लिए पीटर मुदलियार, मधुसूदन, ताइद सुभानी, दीपक मिश्रा, अमन कुलपहाड़ी व अन्य कलाकारों की टीम लगी हुई है। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागी अधिकारी जानकारी और पंजीकरण के लिए म्यूजिकल बैंड हार्टबीट में संपर्क कर सकते हैं।

### दिव्यांग छात्रों को मिलेगा व्यावसायिक प्रशिक्षण 15 से

**बिलासपुर।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित शासकीय आश्रयदत्त कर्मशाला तिफरा में 15 से 35 वर्ष आयु के ऐसे दिव्यांग छात्र जो अस्थिबाधित एवं श्रवणबाधित हैं। ऐसे छात्रों को आर्मेचर वाईडिंग एवं इलेक्ट्रीकल, सिलाई व कटाई, ब्यूटी पार्लर, कम्प्यूटर, स्क्रीन एवं प्रिंटिंग व्यवसायों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसमें शामिल होने वाले छात्रों के लिए आवश्यक शैक्षणिक योग्यता व्यवसाय के अनुसार पांचवीं से दसवीं उत्तीर्ण निर्धारित की गई है। उक्त प्रशिक्षण 15 जुलाई से प्रारंभ किया जा रहा है।

### आंबा में भर्ती के लिए आवेदन 28 तक

**बिलासपुर।** एकीकृत बाल विकास परियोजना सरकण्डा अंतर्गत वार्ड क्र. 58 रानी दुर्गावती नगर के आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 3 खमतराई में सहायिका के रिक्त पद पर भर्ती के लिए 14 जुलाई से 28 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित है। आवेदन पंजीकृत डाक अथवा सीधे नियत दिनांक तक एकीकृत बाल विकास परियोजना सरकण्डा में जमा कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय सरकण्डा से संपर्क कर सकते हैं।

### पेंशन योजना सत्यापन अनिवार्य

**बिलासपुर।** भारत सरकार ग्रामीण विकास विभाग द्वारा सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत संचालित पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों का सत्यापन के लिए मोबाइल एप बेनेफिशियरी सत्यापन एप तैयार किया गया है। इसके प्रथम चरण में केंद्रीय पेंशन योजनाओं जैसे कि इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना एवं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांगजन पेंशन योजना तथा द्वितीय चरण में राज्य पेंशन योजनाओं जैसे कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, सुखद सहारा पेंशन योजना एवं मुख्यमंत्री पेंशन योजना के हितग्राहियों का उक्त एप के माध्यम से सत्यापन कराया जाएगा।

# अस्पताल में डाक्टर नहीं, नर्स संभाल रहीं जिम्मा, वार्डबॉय कर रहा शहर में ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- गणेश नगर, चुचुहियापारा अस्पताल की हालत खराब
- इलाज नहीं मिलने क्षेत्र के लोगों का उठ रहा है भरोसा

शहरी स्वास्थ्य केन्द्रों की हालत बद से बदतर होती जा रही है, डाक्टरों की कमी और स्टाफ के नदारद होने के कारण अब लोगों का अस्पताल से विश्वास उठता जा रहा है, यही हाल गणेश नगर स्थित चु चु हि या पा रा शासकीय अस्पताल का है। यहां महीनों से डाक्टर नहीं हैं, ऐसे में नर्स के जिम्मे अस्पताल चल रहा है। महज नर्स ही लोगों को टीकाकरण, दवा वितरण का काम देख रही है।

जिले के स्वास्थ्य केन्द्रों में डाक्टरों की भारी कमी बनी हुई है। बांड के डाक्टर नदारद हैं, वहीं मेडिकल कालेजों में पीजी की परीक्षाएं होने के कारण 3 अगस्त तक डाक्टर अस्पतालों में नहीं पहुंच सकते है , ऐसे में स्वास्थ्य केन्द्रों में इलाज की आस में पहुंचने वाले मरीजों को मायूस होना पड़ रहा है। चुचुहियापारा शासकीय अस्पताल में डाक्टर की पदस्थापना है, लेकिन डाक्टर की स्वयं परीक्षा होने के कारण पिछले 4 माह से ड्यूटी पर अनुपस्थित हैं, ऐसे में नर्स के भरोसे अस्पताल चल रहा है, हालत यह है कि टीकाकरण से लेकर मरहम पट्टी तक नर्स कर रही है। मरीजों को मौसमी बीमारियों की दवा वितरण कर अपना काम कर रही है, लेकिन बाकी काम ठप है। बताया जा रहा है कि यहां वार्ड बॉय की पदस्थापना की गई है, लेकिन उसने जिला अस्पताल में अपना अटैचमेंट करा लिया है। खास बात यह है कि जब सरकार ने सभी अटैचमेंट खत्म कर दिया है उसके बाद भी शहरीय व ग्रामीण क्षेत्र के स्वास्थ्य केन्द्रों में पदस्थ स्वास्थ्य कर्मियों को विभाग भेज नहीं रहा है। ऐसे में अव्यवस्था का आलम है।






### सीनियर डाक्टर करेंगे ड्यूटी

स्टाफ से इसकी जानकारी ली जाएगी। कुछ जगहों पर डाक्टर की परीक्षाएं चल रही है, लेकिन महीनों से गायब रहने की जानकारी मुझ तक नहीं आई है। सिनियर डाक्टरों की ड्यूटी ऐसे केन्द्रों में लगाई जा सकती है।

**-डॉ शुभा गढ़ेवाल,** सीएमएचओ, स्वास्थ्य विभाग

### मस्तूरी स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचे कलेक्टर, लगाई फटकार

स्वास्थ्य विभाग की लचर व्यवस्थाओं को देखते हुए कलेक्टर संजय अग्रवाल मस्तूरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचे। इस दौरान आयुष्मान कार्ड बनाने में बरती जा रही लापरवाही को लेकर उन्होंने अधिकारियों को फटकारा और जल्द से जल्द ब्लॉक के प्रत्येक लोगों का कार्ड बनाने की बात कही। वहीं काम में लापरवाही करने वाले अधिकारी व कर्मचारियों को हिदायत दी। उन्होंने मौसमी बीमारियों जैसे डेंगू, मलेरिया और जलजनित रोगों को लेकर अलर्ट तैयारियों की समीक्षा की और तत्काल निवारण के लिए 24 घंटे अलर्ट रहने की सलाह दी। मस्तूरी ब्लॉक में 3 लाख 98 हजार 376 कार्ड बनाने का लक्ष्य है, जबकि अब तक महज 2 लाख 81 हजार कार्ड ही बन सके हैं। उन्होंने शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने का निर्देश दिया है। साथ ही व्य वंदन कार्ड को भी प्राथमिकता से बनाने अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। बच्चों को सुपोषित करने पोठ लईका अभियान के तहत आंगन बाड़ी केंद्र में पालक चौपाल आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। गर्भवती महिलाओं के पंजीयन से लेकर प्रसव तक स्वास्थ्य संबंधी व अन्य सुविधा मुहैया कराने के निर्देश दिए। उन्होंने संस्थागत प्रसव को बढ़ाने का आदेश दिया है। एएनएम एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाने की अपेक्षा जताई है। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत संदीप अग्रवाल, सहायक कलेक्टर अरविंथ कुमारन डी, एसडीएम प्रवेश पैकरा, सीएमएचओ शुभा गढ़ेवाल आदि मौजूद रहे।



भारत माला प्रोजेक्ट के अंतर्गत बिलासपुर-उरगा फोरलेन पर बनाया जा रहा पुल।

### आधा किलोमीटर का काम दो साल से रुका

इस सड़क का काम सिर्फ आधा किलोमीटर का ही बचा है जो कि दो साल से रुका पड़ा है। पूरा मामला भूमि बटांकन विवाद के कारण अधर में है। मुआवजा वितरण में फर्जीवाड़े के कारण कमिश्नर कोर्ट में कई किसानों के साथ ही एनएचआई की ओर से भी अपील की गई है। कमिश्नर कोर्ट बतौर आर्बिटेटर मामले की सुनवाई कर रहा है। बिलासपुर एसडीएम भू अर्जन अधिकारी के तौर पर जमीन, बटांकन और मिलने वाले मुआवजे की जांच कर रहे हैं। कहा जा रहा है कि 100 किलोमीटर लंबी इस सड़क से कोरबा से बिलासपुर की यात्रा केवल 1 घंटे में पूरी हो सकेगी।

# पूरा होने से पहले ही फटने लगी 1 हजार 115 करोड़ की सड़क, ढेका के पास कई दरारें

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- सड़क का कटाव रोकने के लिए बनाई गई रेलिंग भी टूट रही
- गड्ढे छिपाने गिट्टी भी डाली लेकिन बारिश के कारण वह भी बह गई

भारत माला प्रोजेक्ट के अंतर्गत रायपुर-धनबाद एक्सप्रेस के लिए बिलासपुर-उरगा फोरलेन सड़क का काम 80 प्रतिशत पूरा हो चुका है। इसे जून 2025 तक पूरा करना है। 1115 करोड़ रुपए से 100 किलोमीटर एक्सप्रेस फोरलेन सड़क बनेगी। खास बात है कि एक्सेस कंट्रोल्ड फोरलेन में एक बार एंट्री करने के बाद वापसी का रास्ता नहीं होगा। खास बात है कि इस सड़क शुरू होने से पहले ही फंटने लगी हैं। ठेका के पास इस सडक में दरारें दिख रहीं हैं। कई जगहों पर गड्ढे भी दिखने लगे हैं। अधिकारियों ने इसे छिपाने के लिए गिट्टी भी डाला लेकिन बारिश के कारण वह भी बह गया। यही नहीं सड़क का कटाव रोकने के लिए बनाई गई रेलिंग भी टूट रही है। इससे वाहन चालन में दुर्घटना की भी आशंका है।

गौरतलब है कि केंद्र सरकार के भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत बिलासपुर-उरगा राष्ट्रीय राजमार्ग -130 ए का निर्माण किया जा रहा है। 1,520 करोड़ रुपए की इस परियोजना का काम वर्ष 2022 में शुरू हुआ था और इसे 2025 जून तक पूरा किया जाना है। बिलासपुर के ढेका गांव से उरगा तक 100 किलोमीटर लंबी इस सड़क परियोजना का काम फिलहाल ढेका में आधा किलोमीटर की भूमि पर बटांकन विवाद के चलते रुका हुआ है। इस सड़क निर्माण के लिए 2017-18 में जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू की गई थी। उस दौरान एनएचएआई ने सर्वे किया था।



करोड़ों रुपए की लागत से बनाई जा रही सड़क पर आई दरार।



### सड़क को समतल किया जा रहा

केंद्र सरकार के भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत बिलासपुर-उरगा राष्ट्रीय राजमार्ग -130 ए का सिर्फ आधा किलोमीटर का काम बाकी है। बाकी काम समय पर पूरा कर लिया गया है। सड़क धंस नहीं रही है, बल्कि उसे समतल किया जा रहा है। यह प्रोजेक्ट के अंतर्गत का ही काम है।

**- विमल शर्मा,** प्रोजेक्ट इंचार्ज भारतमाला प्रोजेक्ट

### 14 मीटर चौड़ी है सड़क, 20 पुल बनेंगे

गौरतलब है कि बिलासपुर के ढेका से शुरू होकर बलौदा बायपास होते हुए यह सड़क उरगा से आगे कुनकुरी तक जाएगी और झारखंड सीमा से जुड़ेगी। इससे बिलासपुर, जांजगीर और कोरबा जिले के बीच यातायात सुगम हो जाएगा और व्यापार को बढ़ावा मिलेगा 100 किलोमीटर लंबी इस सड़क के लिए 46 गांवों के किसानों की भूमि अधिग्रहित की गई है, जिसके बदले सरकार ने 500 करोड़ रुपए का मुआवजा दिया है। इस परियोजना में कुल 20 पुल बनाए जा रहे हैं, जिनमें 11 पुल 60 मीटर के और 9 छोटे पुल शामिल हैं। सड़क की चौड़ाई 14 मीटर होगी है जिसमें प्रत्येक लेन 3.5 मीटर चौड़ी है। यह फोरलेन एक्सप्रेसवे एक्सेस कंट्रोल्ड होगा, यानी एक बार प्रवेश करने के बाद वापसी का सीधा रास्ता नहीं होगा। 40 किमी चलने के बाद ही मोड मिलेगा।

# मां-बेटों के साथ मारपीट जान से मारने की धमकी

- जेल परिसर में प्रहरियों के सामने हुई वारदात
- सिविल लाइन पुलिस ने दर्ज किया जुर्म



पीड़ित मां-बेटे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जेल प्रहरियों के सामने मुलाकात करने गए मां व दो बेटों के साथ सिरगिट्टी क्षेत्र के गुण्डा बदमाश व उसके साथियों ने मारपीट कर चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। जेल का गेट बंदकर तीनों को बचाया गया है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

टिकरापारा निवासी वेदवती गोस्वामी ने बताया, 10 जुलाई को वे अपने दो बेटे सोनू, पिंटू के साथ जेल में बंद बेटा राहुल गोस्वामी से मिलने गई थीं। समय समाप्त हो जाने से मुलाकात नहीं होने पर तीनों वापस लौट रहे थे। जेल परिसर में सिरगिट्टी क्षेत्र का आदतन बदमाशा इस्माईल खान अन्य 5 से 6 साथियों के साथ वहां पहले से उपस्थित था। इस्माईल खान ने उनके बेटे सोने के कंधे में हाथ रखकर हिंदू संगठन का बहुत साथ दे रहे को कहकर दो झापड़ मार दिया। चिल्लाने पर उसका भाई पिंटू बीच बचाव करने आया तो युवक उसके साथ मारपीट करने लगे। श्रीमती गोस्वामी बचाव करने गई तो उन्हें धक्का देकर गिरा दिया और एक झपाड़ मारा गया है। उसके बाद इस्माईल खान ने चाकू निकलाकर अपने साथियों को भी चाकू निकालने कहा। उसके बाद वह बाहर निकलने पर जान से मारने की धमकी देने लगा। वहीं घर में आकर जान से मारने व गाड़ी जलाने की धमकी दी गई है। इस दौरान सुरक्षा में तैनात जेल प्रहरी मूकदर्शक बनकर देखते रहे, कोई भी बीच बचाव करने नहीं आया। हमलावरों को बाहर निकलने पर प्रहरियों के द्वारा जेल का गेट बंद किया। उसके बाद श्रीमती गोस्वामी के बेटों ने घटना की सूचना डायल 112 में सूचना दी। डायल 112 के आने पर तीनों बाहर निकलकर गाड़ी से सिविल लाइन थाने गए।

सूचना मिलते ही हिंदू संगठन के बड़ी संख्या में सदस्य थाने पहुंच गए। पुलिस ने श्रीमती गोस्वामी की रिपोर्ट पर हमलावर इस्माईल खान व अन्य के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

# वृद्धा के गले से सोने की चेन लूटी

**बिलासपुर।** पोती को ट्यूशन छोड़ने जा रही वृद्धा के गले में झपट्टा मारकर बाइक सवार दो युवक सोने की चेन लूटकर भाग गए। पुलिस लुटेरों का सुराग नहीं लगा पाई है।

सरकण्डा पुलिस के अनुसार, राजकिशोर नगर उर्जा पार्क के पास रहने वाली उमा देवी गुप्ता 9 जुलाई की शाम 5.25 बजे अपनी पोती नृत्या गुप्ता को घर से ट्यूशन क्लास छोड़ने जा रही थीं। वे ट्यूशन क्लास के पहुंची थीं, इसी दौरान पीछे से बाइक सवार दो युवक आए और झपट्टा मारकर उनके गले से 13 ग्राम वजनी सोने की चेन लूटकर भागने लगे। महिला ने चिल्लाते हुए कुछ दूर तक बाइक सवारों का पीछा किया, किन्तु वे भाग निकले। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर क्षेत्र में पतासाजी की, किन्तु युवकों को पता नहीं चल पाया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ 304, 2, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### 12 दिन में तीसरी वारदात

29 जून को बिल्हा में कांति बाई मानकपुरी के गले से सोने की माला, फिर 4 जुलाई को शनिचरी बाजार के पास अशोक नगर निवासी विनिता यादव के हाथ से मोबाइल की लूट की गई थी।

## साफ्टवेयर में ऑनलाइन पेपर तैयार करेंगे दस्तावेज लेखक

# रजिस्ट्री विभाग में अब पेपरलेस वर्क, पक्षकारों के हस्ताक्षर, अपॉइन्टमेंट सब ऑनलाइन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जमीन की रजिस्ट्री के लिए सारे दस्तावेज अब ऑनलाईन तैयार किए जाएंगे। दस्तावेज लेखकों द्वारा अब तक जमीन के क्रेता, विक्रेता व जमीन से संबंधित सारा विवरण कंप्यूटर में टाइप कर प्रिंट आउट में पक्षकारों से हस्ताक्षर लेकर दस्तावेजों का मोटा बंच तैयार कर अपॉइनमेंट के लिए विभाग को प्रस्तुत किया जाता था। अब यह सारा काम रजिस्ट्री विभाग के साफ्टवेयर में किया जाएगा। दस्तावेज तैयार होने के बाद पक्षकारों के हस्ताक्षर भी डिज़िटल ही लिए जाएंगे। विभाग की साईट में दस्तावेज सबमिट करते ही रजिस्ट्री के लिए अपॉइनमेंट भी ऑनलाईन ही मिल जाएगा।

रजिस्ट्री आफिस परिसर में रजिस्ट्री के लिए पेपर तैयार करवाने वाले दस्तावेज लेखक भी गुरूवार से हाईटेक हो चुके हैं। अब रजिस्ट्री का पेपर तैयार करवाते समय उन्हें पक्षकारों को पेन, कागज या अंगूठा लगवाने के लिए पेड नहीं पकड़वाना पड़ेगा। रजिस्ट्री विभाग द्वारा प्रदेश स्तर पर गुरूवार से एक नई व्यवस्था प्रारंभ की गई है। इसके अंतर्गत माई डीड नामक एक साफ्टवेयर तैयार किया गया है, जिसमें दस्तावेज लेखकों को पक्षकारों व जमीन से संबंधित विवरण भरना होगा। विवरण तैयार हो जाने के बाद क्रेता, विक्रेता और गवाहों के हस्ताक्षर भी अपने मोबाईल फोन के जरिए डिज़िटल लिए जाएंगे। सारा दस्तावेज तैयार हो जाने के बाद इसे विभाग के पोर्टल में सबमिट कर दिया जाएगा। सबमिट करने के बाद सारा दस्तावेज ओके होने की हालत में रजिस्ट्री के लिए अपाईनमेंट भी आनलाईन ही दिया जाएगा।

### पेन, कागज और प्रिंटआउट निकालने का झंझट खत्म




### नई व्यवस्था का पहला दिन, सिर्फ नौ रजिस्ट्री हुई

रजिस्ट्री विभाग में सारे कामकाज अब ऑनलाईन ही किए जाएंगे, जिसकी शुरूआत गुरूवार से कर दी गई है। पहले दिन माई डीड नामक साफ्टवेयर में शाम तक नौ रजिस्ट्री पूरी की गई। रजिस्ट्री विभाग के बाहर रजिस्ट्री के दस्तावेज तैयार करवाने वाले ज्यादातर दस्तावेज लेखकों को ही इस नई प्रणाली की जानकारी नहीं थी, जिससे काफी लोगों की रजिस्ट्री नहीं हो सकी। इस संबंध में सब रजिस्ट्रार नागेंद्र पटेल ने बताया कि विभाग में गुरुवार से दस्तावेजों का आफलाईन तैयार किया जाना पूरी तरह बंद कर दिया गया है। रजिस्ट्री के जिन प्रकरणों के दस्तावेज नए साफ्टवेयर में तैयार कर सबमिट किए जाएंगे, केवल उन्हें ही रजिस्ट्री के लिए अपाइनमेंट दिया जाएगा।

### भारत सरकार की योजना का हिस्सा है

रजिस्ट्री विभाग में कामकाज को लेकर लागू की गई नई व्यवस्था भारत सरकार द्वारा पेपरलेस-कैशलेस प्रणाली विकसित करने की दिशा में तैयार की जा रही योजना का ही एक हिस्सा है। अब दस्तावेज लेखक पुरानी पद्धति से पेपर तैयार करने की बजाय विभाग के साफ्टवेयर में ही सारे दस्तावेज तैयार कर न केवल पक्षकारों के डिज़िटल हस्ताक्षर, बल्कि अपाइनमेंट भी ले सकेंगे।

**-उषा साहू,** डीआईजी, रजिस्ट्री विभाग

## खबर संक्षेप

### किसानों को खाद की उपलब्धता में लापरवाही स्वीकार नहीं होगी



**बिलासपुर।** कलेक्टर संजय अग्रवाल ने टीएल बैठक में फ्लैगशिप योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने बैठक में खाद बीज सहित खेती किसानी से जुड़े गतिविधियों की जानकारी ली। पिछले दो-तीन दिनों में पर्याप्त बारिश होने के कारण किसान कृषि कार्यों में जोर-शोर से जुटे हुए हैं। उन्होंने किसानी का कोई काम ना रुके इसलिए दलदल मार्गों पर बड़े वाहनों की आवाजाही बाधित होने पर छोटी गाड़ियों से खाद सोसाइटियों में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने अफसरों को दो टूक कहा कि किसानों को खाद की उपलब्धता में कोई भी हीलाहवाला स्वीकार नहीं किया जाएगा। किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने चाहिए। उन्होंने अतिवृष्टि के कारण हुए नुकसान का आंकलन कर रिपोर्ट जल्द प्रस्तुत करने के निर्देश सभी तहसीलदारों को दिए। भारी बारिश के कारण अस्पताल, स्कूल और आंगनबाड़ी के काम तो प्रभावित नहीं हुए है, उनकी स्थिति की भी जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि जिन अधिकारियों कर्मचारियों के ट्रांसफर हुए हैं उन्हें तत्काल रिलीफ कर इसका पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाए। कलेक्टर ने शासकीय सामानों की आपूर्ति अथवा ठेकेदार के भुगतान विलंब नहीं करने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में कहा कि 22 हजार उपभोक्ता राशन कार्ड का उपयोग नहीं कर रहे हैं। इनका परीक्षण कराकर नियमानुसार निरस्तीकरण की कार्रवाई की जाए।

### बुजुर्ग आश्रमवासी महिलाओं के साथ बच्चे का मनाया जन्मदिवस



**बिलासपुर।** सामाजिक संस्था सवेरा एक नई किरण के अध्यक्ष शशि मिश्रा के पुत्र सत्येंद्र मिश्रा के जन्मदिन के अवसर पर संस्था के सदस्य राजकिशोर नगर स्थित सामाजिक जनकल्याण समिति माता रानी की कुटिया महिला वृद्धाश्रम पहुंचे। जहां बुजुर्ग आश्रमवासी महिलाओं के साथ जन्मदिन मनाया गया। सब ने एक साथ मिलकर केक काटा। फिर आश्रम में रहने वाली माताओं के बीच फल, मिष्ठान, बिस्किट का वितरण किया गया। अपने बीच नन्हें बच्चे को पाकर बुजुर्ग महिलाओं के चेहरे खिल उठे और उन्होंने अपना आशीर्वाद दिया।

### सियान चेतना कार्यक्रम में केक काटकर बुजुर्ग का मनाया जन्मदिन



**बिलासपुर।** बृहस्पति बाजार में सियान चेतना कार्यक्रम के दौरान केक काटकर एक बुजुर्ग का जन्मदिन मनाया गया है। एसएसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर बिलासपुर पुलिस के द्वारा सियान चेतना जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। 10 जुलाई को बृहस्पति बाजार के पास ज्येष्ठ नागरिक अनुभव भवन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें 60 से 70 वरिष्ठ नागरिक उपस्थित थे। एडीशनल एसपी राजेन्द्र जायसवाल ने वरिष्ठ नागरिकों को विशाल बरगद के वृक्ष के तुलना करते हुए कहा कि जिस प्रकार बरगद का वृक्ष विशाल होकर अपने सभी शाखाएं समेटे रखता है। उसी तरह वरिष्ठ नागरिक भी अपने कुटुंब परिवार एवं समाज को समेट कर अच्छे संस्कार देते हैं। इस दौरान सीएसपी निमितेश सिंह परिहार, टीआई एसआर साहू वरिष्ठ नागरिक प्रभात मिश्रा, डा. सुधाकर विवे, हरीश मगर, आनंद द्विघस्कर, बाल गोविंद अग्रवाल, आरके गेंदले सहित अन्य उपस्थित थे।

### रेखा एयू के रासेयो सलाहकार समिति की बनीं सदस्य



**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर द्वारा सत्र 2025-26 हेतु विश्वविद्यालय स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना के विभिन्न गतिविधियों के संचालन, शिविरों के आयोजन, धनराशि का प्रदाय तथा लेख की समीक्षा करने कुलपति की अनुशंसा पर राष्ट्रीय सेवा योजना सलाहकार समिति का गठन किया गया है। इसमें स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि पूर्व कार्यक्रम अधिकारी एवं सक्षम एनजीओ सदस्य रेखा गुल्ला को भी शामिल किया गया है।

### हर्षोल्लास के साथ मनाया प्रवेश उत्सव शिक्षकों ने माथे पर लगाया तिलक



**बिलासपुर।** प्रो. रामनारायण शुक्ल द्वारा स्थापित द्वारिका प्रसाद शुक्ल उमावि भकुर्रा नवापारा ने 1 जुलाई मंगलवार को शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। सरस्वती माता की पूजा आराधना के बाद नव प्रवेशित बच्चों को तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इस प्रवेश उत्सव कार्यक्रम को देख बच्चों के मन में विद्यालय आगमन की ललक दौड़ पड़ी। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रशासन समिति की अध्यक्षा अरुणा शुक्ला थी। इन्होंने अपने संबोधन में बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ शालीनता, विनम्रता से रहते हुए सभी के साथ सदा चरण करने एवं शिक्षकों का सम्मान करने की बात कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य रामजी राजपूत ने किया। उन्होंने बच्चों से लगन मेहनत तथा उच्च चरित्र निर्माण की प्रेरणा दी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में समर अवस्थी, जीतेन्द्र पटेल, सती ठाकुर, अश्वनी यादव, प्रमोद वस्त्रकार, भीषम जायसवाल आदि का सहयोग रहा।

---

**उसलापुर रेलवे स्टेशनः एयरपोर्ट की तरह बनाई जा रही पार्किंग, वसूली से परेशान यात्रियों को मिलेगी राहत**

# गाड़ी लेकर सात मिनट के अंदर स्टेशन से बाहर निकलना होगा, बचेगा किराया

**बिलासपुर।** आदर्श रेलवे स्टेशन उसलापुर के पार्किंग को अब एयरपोर्ट की तरह पूरी तरह से आटोमेटिक करने का काम रेल प्रशासन ने शुरु कर दिया है। इसमें गाड़ी लेकर जाने वाले यात्रियों को किराए में छूट यानि ड्राप एंड गो की तरह सात मिनट का समय दिया जाएगा, जिसके अंदर पार्किंग में गाड़ी रखने वाले यात्रियों को स्टेशन जाने के बाद बाहर आना होगा। इस नए सिस्टम के लागू होने के बाद यात्रियों को बार-बार वसूली की शिकायत से राहत मिल जाएगी।

बिलासपुर रेल मंडल के अफसरों ने बिलासपुर जोनल रेलवे स्टेशन में यात्री ट्रेनों का दबाव कम करने के लिए दुर्ग, गोंदिया, रायपुर की चार ट्रेनों को उसलापुर स्टेशन से डायवर्ट कर चलाना शुरु कर दिया है। यह चार ट्रेन संपर्कक्रांति, जम्मूतवी विस्तारित ऊधमपुर एक्सप्रेस, अमरकंटक और सारनाथ यात्रियों के लिए महत्वपूर्ण हैं, जिसमें साल के 12 माह



स्टेशन के बाहर इस तरह लगाया जाएगा बेरियर।

यात्रियों की भीड़ रहती है। चारों ट्रेनों के उसलापुर स्टेशन से होकर चलने के बाद से यात्रियों की संख्या भी बढ़ गई है। वर्तमान में उसलापुर रेलवे स्टेशन को अमृत भारत रेलवे स्टेशन योजना में शामिल कर स्टेशन डेवलपमेंट का काम किया जा रहा है। स्टेशन के अंदर कुछ छोटे-मोटे काम के अलावा बाहर पुरानी बिल्डिंग के सामने प्लाई और आकर्षक रंग बिरंगी लाइटिंग के साथ मुख्य गेट की लंबाई और चौड़ाई भी बढ़ा दी गई है। बिलासपुर स्टेशन के साथ ही उसलापुर रेलवे स्टेशन में भी ट्रेन में सफर करने वालों के अलावा पीआरएस में बुकिंग कराने और यात्रियों को छोड़ने के लिए उनके परिजन भी पहुंचते हैं। सभी के लिए स्टेशन में चार पहिया और दो पहिया वाहनों को रखने पार्किंग की सुविधा भी रेल प्रशासन ने देकर रखी है। इसका ठेका प्रति दो से तीन वर्ष में आनलाइन किया जाता है।

ठेका लेने वाले ठेकेदार और कर्मचारी ज्यादा कमाई करने के लिए यात्रियों से मनमाना किराया वसूल करने के साथ दुर्व्यवहार भी करते हैं। इस तरह की शिकायत कई बार रेल अफसरों को भी मिलती है। इसे रोकने के लिए बिलासपुर रेल मंडल के कामर्शियल विभाग ने अब एयरपोर्ट की तर्ज पर पार्किंग को अपग्रेड करने का काम शुरु कर दिया है, जहां ज्यादतर किराए के पेमेंट डिजिटल और यूपीआई के जरिए किए जाएंगे।

#### मशीन बताएगी चार्ज

रेलवे स्टेशन के पार्किंग में बैठे ठेकेदार के कर्मचारी गाड़ियों को रखने वाले लोगों से मनमाना रकम वसूल करते हैं। इस तरह का हाल उसलापुर रेलवे स्टेशन में बहुत अधिक है, जहां यात्रियों की शिकायत कई बार अधिकारियों को मिल चुकी है। इस शिकायत के आधार पर तीन ठेकेदार को पार्किंग से टर्मिनेट भी किया गया है।

#### शिकायत में आएगी कमी

बिलासपुर मंडल के उसलापुर रेलवे स्टेशन की पार्किंग को एयरपोर्ट की तरह अपग्रेड करने का काम किया जा रहा है। गाड़ी रखने से लेकर उसे निकालने तक पूरी रिकार्डिंग सीसी टीवी कैमरे मे होगी। इसके लिए मशीन लगाया जाएगा। यूपीआई, डिजिटल या कार्ड से पैमेंट को बढ़ावा दिया जाएगा। क्यूआर कोड से भी पेमेंट कर सकेंगे। इससे शिकायत में भी कमी आएगी।

**-अनुराग कुमार सिंह**, सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर

---

**संवेदनशील दो पुलों में भी आवागमन में कोई दिक्कत नहीं**

# संभाग में 309 पुल, इनमें से 307 हैं फिट, 2 अनफिट पुल सुधारे जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

संभाग में पुलों की संख्या 309 हैं, जिनके निरीक्षण में 307 पुल एकदम फिट पाए गए हैं। जिन दो पुलों में आंशिक दिक्कत पाई गई है, उनमें भी आवागमन की दृष्टि से कोई परेशानी नहीं है, लेकिन भविष्य में किसी भी तरह की दुर्घटना की आशंका को ध्यान में रखते हुए दोनों पुलों में आवश्यक सुधार की मांग शासन से की गई थी।

- पीडब्ल्यूडी का सेतु डिवीजन सजग

बारिश में नदी के जलस्तर में भारी बढ़ोतरी के बाद पूरे देश भर से पुलों के टूटने-बहने और क्षतिग्रस्त हो जाने की खबरों के बीच बिलासपुर संभाग के लिए एक अच्छी खबर यह है कि यहां ऐसी कोई स्थिति निर्मित नहीं होने वाली है। संभाग के सारे पुल बहुत अच्छी व मजबूत हालत में हैं। पीडब्ल्यूडी सेतु डिवीजन के अनुसार संभाग में कुल पुलों की संख्या 309 है, जिनमें 75 पुल बिलासपुर जिले के शामिल हैं। इनमें से 307 पुलों को बहुत अच्छी कंडीशन में पाया गया। दो पुलों में आंशिक दिक्कत पाई गई। इनमें एक पुल कटघोरा-पसान मार्ग पर अहिरन नदी पर बनाया गया पुल है, जिसके सुधार के लिए शासन से राशि की मांग की गई थी। इसी तरह खोंचरा के पास अरपा नदी पर बनाया गया एक पुल भी आंशिक क्षतिग्रस्त पाया गया। सेतु डिवीजन द्वारा इस पुल के सुधार के लिए 55 लाख रूपए का अनुमानित व्यय बताया गया था, लेकिन राशि की व्यवस्था नहीं हो पाने के कारण इसका सुधार नहीं किया जा सका।



#### ईई सहित 22 इंजीनियरों ने जांची पुलों की फिटनेस

देश के कई हिस्सों में बाढ़ के प्रभाव से लगातार पुलों के क्षतिग्रस्त होने की सूचना प्राप्त होने के बाद ईई सेतु डिवीजन द्वारा अधीनस्थों को संभाग के सभी 309 पुलों के निरीक्षण के निर्देश दिए गए थे। सेतु डिवीजन में पदस्थ 22 इंजीनियरों को अलग-अलग टीम बनाकर निरीक्षण की जिम्मेंदारी सौंपी गई थी। इस दौरान क्षतिग्रस्त या संदेहास्पद स्थिति वाले पुलों की तत्काल सूचना देने के निर्देश भी दिए गए थे। जांच के अंतर्गत ईई द्वारा स्वयं 60 पुलों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में संभाग के लगभग सभी पुलों की फिटनेस पाई गई।

#### सुधार की स्वीकृति मिली अब नदी में भरपूर पानी

कटघोरा-पसान मार्ग में अहिरन नदी पर बने पुल पर पाए की दीवार के आसपास रेत का अत्यधिक कटाव हो जाने के बाद दीवार क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण अक्टूबर माह में इसके सुधार के लिए शासन से राशि की मांग की गई थी। शासन द्वारा दो दिनों पूर्व ही पुल के सुधार के लिए 35 लाख की स्वीकृति जारी की गई है। नदी में फिलहाल पानी का बहाव तेज है, जिससे पानी कम हो पाने की स्थिति में ही सुधार कार्य कराया जा सकेगा। विभाग द्वारा बारिश के तीन महीनों में नुकसान का प्रतिशत बढ़ने की भी आशंका जाहिर की गई है।

#### पुलों की कंडीशन अच्छी

डिवीजन में कुल 309 पुल हैं, जिनकी आम जनों की सुरक्षा के लिहाज से बारिश के पूर्व ही जांच कर ली गई थी। 307 पुल बहुत अच्छी कंडीशन में हैं। दो पुलों में आंशिक सुधार की जरूरत है, लेकिन आवागमन में कोई दिक्कत नहीं है। एक पुल के सुधार के लिए दो दिनों पूर्व ही शासन से स्वीकृति मिली है।

**-आरके खांबरा**, ईई सेतु डिवीजन

---

# सिग्नल को बारिश के बचाने में जुटी एस एंड टी की टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का सिग्नल एवं दूरसंचार एसएंडटी विभाग विशेष सावधानियों के साथ मानसून के दौरान भी रेल परिचालन को संरक्षित, समयबद्ध एवं निर्बाध बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

रेलवे स्टेशन के पाइंट एवं ट्रैक सर्किट क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति को रोकने यार्डो की जल निकासी प्रणाली की सफाई काने के साथ मानसून से पहले सभी सुधारात्मक कार्य पूरे करने के अलावा आकाशीय बिजली से बचाव के लिए स्टेशनों पर सेल्फ रिस्टोरिंग पीपीटीसी फ्यूज लगाए गए हैं, जिससे उपकरणों की सुरक्षा और संचालन की विश्वसनीयता सुनिश्चित हो सके। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार सिग्नल प्रणाली की नमी से सुरक्षा के लिए सभी सिग्नल पोस्ट की जांच कर उनके अंदर पानी या नमी के रिसाव की संभावनाओं को पूरी तरह समाप्त किया है। सिग्नल इकाइयों को विशेष गैस्केट और सीलिंग से सुरक्षित करने के साथ सिग्नल लैंपों के प्रत्येक छिद्र को बंद कर पूरी प्रणाली को मौसमरोधी बनाया गया है। रिले रूम बैटरी रूम और पैनल रूम की छतों की सफाई कर पानी जमा होने की स्थिति में बचाव, क्षतिग्रस्त खिड़कियों, दरवाजे और छतों की मरम्मत समय रहते की गई है। ड्रेनेज पाइप को भी साफ कर किसी भी तरह की रूकावट को दूर करने के साथ लोकेशन बाक्सों को भी गहन जांच कर आवश्यक मरम्मत किया गया है। इसके साथ ही पुराने या क्षतिग्रस्त केबलों को मानसून से पहले बदलने के अलावा सभी जंक्शन बाक्स, लोकेशन बाक्स तथा सिग्नल पोस्ट में केबल की इंसुलेशन जांच और अर्थ फाल्ट को दूर किया गया है। सभी महत्वपूर्ण उपकरण जैसे ब्लॉक इंस्ट्रूमेंट, आईपीएस, एक्सल काउंटर, इलेक्ट्रानिक इंटरलाकिंग आदि पर उचित आर्थिंग कर उनकी कार्यक्षमता सुनिश्चित की गई है।

---

# एवीएम के विद्यार्थियों ने योग स्पर्धा में जीते 6 गोल्ड और 7 रजत पदक



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित 5वीं जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिता 2025 का आयोजन 6 जुलाई को चौकसे इंजीनियरिग कॉलेज लाल खदान में किया गया। इसका उद्देश्य छात्रों में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना और स्वस्थ जीवन शैली को प्रोत्साहित करना था। इसमें नगर के विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

निर्णायक मंडल द्वारा योग के विभिन्न आसनों, संतुलन, लय और प्रस्तुति के आधार पर विजेताओं का चयन किया गया। विद्यार्थियों को पदक एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। प्रतियोगिता में आधारशिला विद्या मन्दिर न्यू सैनिक स्कूल के विद्यार्थियों ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 6 गोल्ड और 7 रजत पदक प्राप्त किए। पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में भास्कर दीप सोनी 1 गोल्ड और 1 सिल्वर, आदित्य यादव 1 गोल्ड और 1 सिल्वर,हर्षित सिंह चंदेल 1 गोल्ड और 1 सिल्वर, शौर्य सिंह ठाकुर 1 गोल्ड, अभीक बरेथ 1 गोल्ड, निखिल से साहू 1 गोल्ड, अंश लोनिया 1 सिल्वर, अमृत राज 1 सिल्वर, समृद्धि क्षत्रिय 1 सिल्वर, विवेक देवांगन 1 सिल्वर शामिल हैं। एवीएम के चेयरमैन डॉ. अजय श्रीवास्तव और विद्यालय निदेशक एस के जनास्वामी ने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत, समर्पण और योगाभ्यास के प्रति लगन प्रशंसनीय है। प्राचार्या जी आर मधुलिका ने विद्यालय की योग शिक्षिका ऋतु और विद्यार्थियों को उनके सर्व श्रेष्ठ प्रदर्शन पर बधाई दी।

# श्रमिक यूनियन को भी मिलेगा जोन और डिवीजन में कार्यालय

**बिलासपुर।** आल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन की मांग पर रेलवे बोर्ड ने सभी जोन के साथ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के महाप्रबंधक को एक पत्र भेजा है, जिसमें एफिलिएटेड यूनियन को भी कार्यालय के लिए जगह देने कहा गया है। इस पत्र के बाद अब बिलासपुर जोन के श्रमिक यूनियन को जोन व डिवीजन कार्यालय में बैठने के लिए जगह मिलने का रास्ता साफ हो गया है।

सभी जोन के साथ एसईसीआर जोन में भी मान्यता प्राप्त यूनियन के लिए चुनाव किए गए थे, जिसमें मान्यता यूनियन के लिए 35 फीसदी मत प्राप्त करना आवश्यक था। रेलवे बोर्ड के इस नियम के तहत किसी भी यूनियन को 35 फीसदी मत प्राप्त नहीं हुए। सीक्रेट वैलेट इलेक्शन की माडलिटी के प्रावधानों के अनुसार सर्वाधिक प्रतिशत पाने वाले यूनियन को सेक्शन 5.5 के तहत मजदूर कांग्रेस को मान्यता प्राप्त हो गई। सीक्रेट बैलट इलेक्शन मॉडलिटी के सेक्शन 5.10 के अनुसार सऊथ ईस्ट सेंटर रेलवे श्रमिक यूनियन एवं अखंड रेल कर्मचारी संघ को भी पात्रता प्राप्त हुई जिसमें रेल प्रशासन द्वारा सीमित सुविधा दी गई है। सीक्रेट वैलेट इलेक्शन पूर्ण होने के उपरांत ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन के महामंत्री शिव गोपाल मिश्रा ने रेलवे बोर्ड स्तर पर पुरजोर मांग की थी। इस मांग में कहा गया था कि जहां-जहां ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन की ऐफिलिएटिड यूनियन मान्यता प्राप्त नहीं कर सकी, वहां पर उन्हें यूनियन कार्यालय उपलब्ध कराए जाएं, जिससे कि वह कर्मचारी से संपर्क स्थापित कर उनकी समस्याओं से रूबरू हो सके और संगठनात्मक कार्यकलाप कर सके। इस संबंध में आल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे श्रमिक यूनियन के महामंत्री मनोज बेहरा ने बताया कि एआईआरएफ की मांग पर बुधवार की शाम रेलवे बोर्ड ने अपनी स्वीकृति प्रदान दी है।

रेलवे बोर्ड की प्रधान कार्यकारी निदेशक रेनू शर्मा ने रेलवे के सभी महाप्रबंधक को पत्र के माध्यम से निर्देशित किया है कि ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन एवं नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन रेलवे से ऐफिलिएटेड यूनियन को जोनल एवं मंडल स्तर पर कार्यालय उपलब्ध कराए जाएं।

---

**थोक में नोटिस के बाद दुकान आबंटन निरस्त करने की हुई कार्रवाई**

# ननि की कार्रवाई के बाद दुकानदारों ने किया 50 लाख का भुगतान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम द्वारा सख्ती बरते जाने और बकायादारों के दुकान आबंटन निरस्त करने की कार्रवाई का असर दिखने लगा है।

- किराए का बकाया था 1 करोड़ 80 लाख

नगर निगम द्वारा करीब चार-पांच सौ दुकान संचालकों को थोक में नोटिस जारी किया गया था। इसके बाद आबंटन निरस्त करने की कार्रवाई भी की गई है, जिससे बकायादारों द्वारा किराया जमा किया जा रहा है। अभी तक लगभग 45-50 लाख रुपए किराया जमा हो गया है। नगर निगम के बाजार शाखा द्वारा बकायादार दुकान संचालकों का पुराना हिसाब-किताब निकाला जा रहा है और उनका बकाया किराया जमा कराया जा रहा है। नगर निगम के दुकानों का 1 करोड़ 80 लाख रुपए किराया बकाया निकला है। इस बकाया राशि को जमा कराने के लिए निगम के बाजार शाखा से थोक में 400-500 दुकान संचालकों को नोटिस जारी किया गया है। इसके साथ ही किराया बकाया राशि जमा कराने दबाव भी बनाया जा रहा है। कुछ जगहों पर किराया जमा नहीं करने पर दुकानों का आबंटन निरस्त करने की कार्रवाई भी की गई है। इसका असर बकायादारों पर दिखने लगा है और निगम की सख्ती के बाद अभी तक 45-50 लाख रुपए दुकान किराया का बकाया जमा हो गया है और अभी बकायादार किराया जमा करने निगम पहुंच रहे हैं। इनमें से कई दुकान संचालकों ने तो सालों से दुकान किराया जमा ही नहीं किया था। इसमें नगर निगम द्वारा आबंटित चबूतरों से लेकर प्रमुख बाजारों व काम्पलेक्स स्थित दुकानें शामिल हैं। ये दुकान संचालक निगम के दुकानों का किराया जमा नहीं कर रहे थे।

#### 68 दुकानों का आबंटन किया गया निरस्त

नगर निगम द्वारा हाल ही में महिला समृद्धि बाजार एवं नूतन चौक काम्पलेक्स स्थित दुकानों के आबंटन निरस्त करने की कार्रवाई की गई है। गणेश नगर स्थित महिला समृद्धि बाजार में कुल 82 दुकानें हैं, जिनमें से 57 दुकानों का आबंटन निरस्त किया गया है, क्योंकि इन दुकानों का वर्षो से किराया जमा नहीं हो रहा था। ये दुकानें जिन्हें आबंटित हुई थी उन्हें कई बार नोटिस एवं स्मरण पत्र भी जारी किया गया था, उसके बाद भी दुकान किराया जमा नहीं किया जा रहा था और बकाया राशि बढ़ती ही जा रही थी। महिला समृद्धि बाजार के इन 57 दुकानों का बकाया राशि 50 लाख तक पहुंच गया था। इसी तरह नूतन चौक काम्पलेक्स स्थित 11 दुकानों का आबंटन निरस्त किया गया है। इन दुकानों की आबंटन राशि ही जमा नहीं किया गया था।

#### जमा हो रहा किराया


नगर निगम के अलग-अलग जगहों की दुकानों का किराया बकाया था और दुकान संचालकों द्वारा किराया जमा नहीं किया जा रहा था। उन्हें बाजार शाखा की ओर से नोटिस जारी किया है, साथ ही महिला समृद्धि बाजार और नूतन चौक के दुकानों का आबंटन निरस्त करने की कार्रवाई की गई है। इसके बाद दुकानों का किराया जमा करने लोग पहुंच रहे हैं।

**-खजांची कुम्हार**
प्रभारी कमिश्नर, ननि

---


**बिजनेस प्लस**

# मित्तल फर्नीचर में मानसून ऑफर, 20 फीसदी की छूट



**बिलासपुर।** मित्तल फर्नीचर इन दिनों अपने प्रिया ग्राहकों के लिए मानसून आफर शुरू किय है। इसके तहत संस्थान द्वारा 20 प्रतिशत की विशेष छूट दी जा रही है।

अमेरी चौक स्थित मित्तल फर्नीचर शोरूम के संचालक संजय मित्तल एवं पवन मित्तल ने बताया कि मानसून को देखते हुए अभी संस्था में मानसून ऑफर चलाया जा रहा है। जिसके तहत 20% की छूट दी जा रही है। इसके साथ ही मैरिज पैकेज बैडरूम सेट मात्र 47000 में प्राप्त कर सकते हैं, जिसके अंतर्गत बेड, अलमारी, ड्रेसिंग एवं मेटैस शामिल हैं। हमारे यहां सोफ़ा, बेड,दीवान, अलमारी, क्रोकरी सेट,एलईडी टीवी सेट, कंप्यूटर टेबल, ऑफिस चेयर, रिवाल्विंग चेयर, झूला आदि फर्नीचर रेडी स्टॉप उपलब्ध हैं। कैटलॉग के द्वारा ऑर्डर में भी बनाया जाता है। लोगों की सुविधाओं के लिए आसान बजाज फाइनेंस एवं एचडीएफसी बैंक से फायनेस की सुविधा उपलब्ध है।

उन्होंने बताया कि गत 23 वर्षों से लगातार अपने ग्राहकों को सेवा प्रदान करते आ रही है। हमारी एक और ब्रांच व्यापार विहार में भी स्थित है। वहां भी मानसून ऑफर स्कीम चालू है। इसका लाभ ग्राहक ले सकते हैं।

**माँ डिडनेश्वरी महाविद्यालय**
**नगर पंचायत मल्हार बिलासपुर**

माँ डिडनेश्वरी महाविद्यालय मल्हार में जिला बिलासपुर में परिनियम -28 के तहत निम्न विषयों में सहा.प्राध्यापक पद तथा कार्यालयीन स्टॉफ हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं :-

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) प्राचार्य | - | 1 पद | (8) इतिहास | - | 1 पद |
| (2) वनस्पति शास्त्र | - | 2 पद | (9) कंप्यूटर विज्ञान | - | 2 पद |
| (3) रसायन शास्त्र | - | 1 पद | (10) क्रीड़ाधिकारी | - | 1 पद |
| (4) जन्तु विज्ञान | - | 1 पद | (11) वाणिज्य | - | 2 पद |
| (5) हिन्दी | - | 1 पद | (12) ग्रंथपाल | - | 1 पद |
| (6) समाज शास्त्र | - | 1 पद | (13) एकाउंटेंट | - | 1 पद |
| (7) राजनीति विज्ञान | - | 1 पद | (14) लिपिक | - | 1 पद |

**योग्यता:** UGC NET, SET, PH.D. आदि योग्यताधारी आवेदन करें। इच्छुक आवेदक 15 दिनों के भीतर अपना आवेदन स्वयं या डाक के द्वारा निम्न पते पर जमा करें।

**माँ डिडनेश्वरी महाविद्यालय,**
नगर पंचायत मल्हार, जिला-बिलासपुर (छत्तीसगढ़)
मो.नं.-9893316085/7067664642

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, शुक्रवार 11 जुलाई 2025
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



**बिलासपुर।** शहर के मंदिरों, शिक्षण व स्वयंसेवी संस्थाओं सहित अन्य संगठनों ने गुरुवार को 'गुरु पूर्णिमा' उत्साह से मनाई। शिष्यों ने अपने गुरुओं की चरण पादुका की पूजन कर उनके प्रति आस्था जताई। गुरु शिष्य को ज्ञान के प्रकाश व विवेक से आलोकित करता है। इस दिन इंद्र और वैधृति योग का शुभ संयोग भी रहा। गुरु पूर्णिमा हिंदू धर्म का प्रमुख पर्व है। जिसे हर साल आषाढ़ मास की पूर्णिमा तिथि को मनाया जाता है। इस बार यह पर्व गुरुवार 10 जुलाई रहा। शास्त्रों के मुताबिक इस तिथि पर

**गुरु पूर्णिमा पर शहर में हुए विविध आयोजन, की गई चरण पादुका की पूजा**

महाभारत के रचयिता वेद व्यास का जन्म हुआ था, इसलिए इसे व्यास पूर्णिमा भी कहते हैं। इस दिन गुरुजनों की उपासना और उनके प्रति आभार व्यक्त करने का विधान है। हम सभी के जीवन में गुरु का विशेष स्थान होता है। इन्हीं के माध्यम से व्यक्ति जीवन जीने की कला और लक्ष्यों को पूरा करने का मार्गदर्शन पाता है। गुरु ही सदैव हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाते हैं। उनके प्रति प्रेम, लगाव और सम्मान व्यक्त करने गुरु पूर्णिमा का दिन बेहद खास होता है।

# शिष्य को ज्ञान के प्रकाश व विवेक से आलोकित करता है गुरु

## गुरु का होता है अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान : बीके मंजू



बीके सेवा केंद्र टिकरापारा एवं राजकिशोर नगर में आध्यात्मिक रहस्य के साथ गुरु पूर्णिमा पर्व मनाया गया। बीके मंजू दीदी ने बताया कि गुरु का अत्यंत ही महत्वपूर्ण स्थान होता है। गुरु किसी भी रूप में मिल सकते हैं। माता-पिता दोनों की पालना लगभग सभी को प्राप्त होती है किंतु गुरु जो सतगुरु परमात्मा तक पहुंचाएं ऐसे विरले ही होते हैं। उन्होंने गुरु व सद्गुरु परमात्मा मिलन की गाथा भी सुनाया। सभी ने सत्संग का लाभ लिया और सदगुरू के वरदान का प्रसाद भी ग्रहण किए।

## गुरु बनाते हैं जन्म-जन्मातर का प्रारब्ध : बीके स्वाती



गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के मुख्य शाखा टेलीफोन एक्सचेंज रोड स्थित राजयोग भवन की संचालिका बीके स्वाति दीदी ने कहा कि हमारे पहले गुरु हमारे माता-पिता है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन की शुरुआत करने के लिए मात-पिता की जरूरत पड़ती है। इसी तरह उसे जीवन में शिक्षा प्राप्त करने शिक्षक की जरूरत पड़ती है। जीवन में माता-पिता एवं शिक्षक एक जन्म के लिए जीवन बनाते हैं। परंतु गुरु वह है जो जन्म-जन्मातर का प्रारब्ध बनाते हैं।

## राम भिच्छुक महराज को किया माल्यार्पण



गुरु पूर्णिमा के अवसर पर बेलतरा विधायक शुशांत शुक्ला जी ने महात्मा श्री राम भिच्छुक जी महराज अशोक नगर चौक मे माल्यार्पण किया।

## महिलाओं ने किया रामचरित मानस का पाठ



मानस महिला मंडल नेहरूनगर की महिलाओं ने गुरु पुर्णिमा पर पूजन-अर्चन कर रामचरितमानस के पाठ का शुभारंभ किया गया। यह पाठ एक माह तक प्रतिदिन संध्या मानस भवन में किया जाएगा। इस अवसर पर मानस महिला मंडल की महिलाएँ बड़ी संख्या में शामिल हुई। यह जानकारी मंडल की वसन्ती वर्मा ने दी।

## कठिन श्रम, त्याग, आत्मविश्वास, अनुशासन, धैर्य से मिलती है सफलता

महर्षि विद्या मंदिर मंगला में गुरु पूर्णिमा का उत्साह मनाया गया। मुख्य अतिथि विशेषज्ञ शल्य चिकित्सक डॉ ओमप्रकाश माखीजा थे। श्री माखीजा का प्रधानाचार्या रीना सिंह ने सम्मान किया। नीलिमा ने महर्षि आध्यात्मिक जन जागरण अभियान के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि ने कहा कि विद्यालय में बच्चों के शारीरिक, मानसिक और बौध्दिक विकास के साथ आध्यात्मिक विकास पर ध्यान दिया जा रहा है। हर व्यक्ति जीवन में कुछ पाना चाहता हैं। अच्छा इंसान बनना चाहता हैं। सफलता प्राप्त करना चाहता हैं तो हमें जीवन में कठिन श्रम, त्याग, आत्मविश्वास, अनुशासन, धैर्य सकारात्मक सोच रखना चाहिए। प्रधानाचार्या रीना सिंह ने कहा कि महर्षि महेश योगी ने हमें ध्यान के रूप में एक ऐसी चाबी दे दी है जो हर ताले मे फिट हो जाती है। ध्यान करने से इंसान के जीवन में शांति, सुख की स्थापना होती है जिसका प्रभाव आसपास के वातावरण में पड़ता है। विद्यालय के बच्चों ने सुमधुर भजनों द्वारा गुरुदेव को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। सांस्कृतिक प्रभारी सरिता आयदे ने अतिथि का धन्यवाद ज्ञापन किया । मंच का संचालन संध्या शुक्ला ने किया।



**महर्षि विद्या मंदिर मंगला में गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया गया**

## 9 कुण्डीय गायत्री यज्ञ, कराए गए संस्कार



गायत्री शक्तिपीठ विनोबानगर में गुरु पूर्णिमा पर दो दिवसीय आयोजन किया गया। पहले दिन पर्व की पूर्व संध्या पर बुधवार को सूर्योदय से लेकर सूर्यास्त तक सामूहिक अखंड जप किया गया। दूसरे दिन गुरुवार को 9 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ कर विद्यारंभ, विवाह सहित अन्य संस्कार कराए गए। कार्यक्रम में द्वारिका प्रसाद पटेल, मुख्य प्रबंध ट्रस्टी हेमराज वैश्य, रामकुमार श्रीवास, श्रीमती जे लाल, मालती मिश्रा, सविता तिवारी, सुशीला यादव, मनोहर दास सहित अन्य परिजनों की उपस्थिति रही।

## सत्य सांई प्रेम प्रवाहिनी रथयात्रा का कराया भ्रमण



श्री सत्य सांई सेवा समिति बिलासपुर के जोनल को-आर्डिनेटर पी रामाराव, जिलाध्यक्ष डॉ शिवम अरुण पटनायक, समिति के संयोजक ए साईं गोपाल के नेतृत्व में भगवान श्री सत्य साईं बाबा के 100 वें जन्म दिवस के उपलक्ष्य में श्री सत्य साईं प्रेम प्रवाहिनी रथयात्रा का शहर भ्रमण कराया गया। अन्नपूर्णा कालोनी, गणेश नगर में दर्शन, वेदम, भजन, धन्यवाद संबोधन, महामंगल आरती, महाप्रसाद वितरण किया गया। यात्रा गवर्नमेंट स्कूल गांधी चौक से, शिव टॉकीज चौक, मनू चौक, भातखण्डे संगीत विद्यालय, दयाल बंद रोड, जगमल चौक, गुरु नानक चौक से समिति सेंटर तोरवा नाका पहुंचेगी। शाम को समाज के बच्चों ने बाबा जी के 100 वें जन्म दिवस की याद में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया। महा मंगल आरती के बाद महाप्रसाद वितरण साईं समिति सेंटर तोरवा में किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के सेवादलों का सहयोग रहा। यह जानकारी समिति के रुट प्रभारी एस राजेंद्र प्रसाद एवं जी. सन्मुखराव ने संयुक्त रूप से दी।

## श्रृंगार आरती कर किया पाठ



संत बाबा हरदासराम सेवा मंडल बिलासपुर में गुरु पूर्णिमा उत्सव धूमधाम से मनाया। सुबह बाबा सांई का पंचामृत स्नान कर श्रृंगार आरती, मदाह साहब का पाठ किया गया। सत्यनारायण स्वामी की कथा सुनी गई। पल्लव पाया गया। प्रसाद वितरण के बाद बाबा सांई का आशीर्वाद लिया गया।

## सेंट जेवियर स्कूल की शिक्षिकाओं का सम्मान



गुरु पूर्णिमा पर सेंट जेवियर स्कूल जबड़ापारा की शिक्षिकाओं का शॉल ,श्रीफल, पुष्प गुच्छ एवं उपहार देकर सम्मान किया गया। साथ ही एक-एक पेन भेंट किया गया। सम्मानित होने वालों स्कूल की प्राचार्य शाइस्ता बेगम, आशा शील, दीपा अवस्थी, सुचिता मंडल प्रमुख शिक्षिकाएं शामिल रहीं। इस मौके पर लायंस क्लब वसुंधरा की अध्यक्ष रश्मि लता मिश्रा, सचिव अर्चना तिवारी, एलसीआईएफ चेयरपर्सन सलमा बेगम, उपाध्यक्ष सुधा परिहार ने सहयोग दिया। मंजुला शिंदे, शारदा कश्यप, वायला सिंह, प्रीति खरे, प्रिया शर्मा ने गुरु पूर्णिमा पर्व की शुभकामनाएं दी

## व्यास व गुरु पूजन कर बांटे गए प्रसाद



सदर बाजार स्थित श्री व्यंकटेश मंदिर में गुरु पूर्णिमा पर व्यास व गुरु पूजन कर प्रसाद का वितरण किया गया। यहां पढ़ने वाले बच्चों ने अपने गुरु के चरण की पूजा कर उनका आशीर्वाद लिया। इस मौके पर सभी सेवादार उपस्थित थे।

## निहंग संत व ज्ञानी का सम्मान



नगर विधायक अमर अग्रवाल के मार्गदर्शन में गुरु पूर्णिमा मनाई गई। इस अवसर पर गुरुद्वारा श्री अकाल गढ़ से आए निहंग संत रणजीत सिंह एवं श्री आनंदपुर साहिब से आए ज्ञानी सिकंदर सिंह का गुरु पूर्णिमा के जिला सहसंयोजक अजीत सिंह भोगल ने शॉल देकर सम्मान किया। संत ने कहा कि हमारे गुरुओं की बलिदान व्यर्थ नहीं गया है। आज हम भारत देश में आजादी से रह रहे हैं। यह उन गुरुओं की त्याग एवं बलिदान का प्रतीक है। सेवा एक नई पहल के संस्थापक समाजसेवी संतराम जेठमलानी, शिक्षक शिवनारायण चक्रधर, आनंद शेलार का भी शॉल, श्रीफल, गुलाब देकर सम्मान किया गया। इस मौके पर पूर्व महामंत्री अमित चतुर्वेदी, पार्षद कार्तिक यादव, मनमोहन देवांगन उपस्थित रहे।

### कार्यक्रम

## श्रावण मास पर होगा रूद्राभिषेक व पौधरोपण परशुराम महिला समिति ने लिया निर्णय



**बिलासपुर।** परशुराम महिला समिति ने द्वारिकाधीश मंदिर में एक बैठक आयोजित की। जिसमें श्रावण मास पर रुद्राभिषेक, सावन सुंदरी व पौधरोपण कार्यक्रम करने का निर्णय लिया गया।

इस पर समिति की सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों व सदस्यों ने अपनी सहमति दी एवं कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की बात कही। उन्होंने कहा कि सावन माह में भगवान शिव का अभिषेक करने का विशेष महत्व रहता है। इसे देखते हुए समिति की सभी सदस्य सामूहिक रूप से रूद्राभिषेक करेंगे। मनोरंजक गेम के साथ सावन उत्सव का भी मजा लिया जाएगा। पर्यावरण संरक्षण के लिए फलदार व छायादार पौधे लगाए जाएंगे। इन पौधों की सुरक्षा का भी संकल्प लिया जाएगा।

### आयोजन

## रक्तदान होता है जीवन दान समाज की सेवा करें युवा



**बिलासपुर।** स्वर्णिम प्रभात सेवा संस्थान व निवारण शिक्षण एवं समाज कल्याण समिति के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को निःशुल्क रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें ग्राम पंचायत वेद परसदा सहित आसपास के ग्रामीणों, युवाओं ने उत्साह से भाग लेकर रक्तदान किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य सतकली बावरे तथा सत्यजीत बावरे थे। अतिथियों ने युवाओं को समाज सेवा के लिए प्रेरित किया और रक्तदान को जीवनदान बताते हुए सभी रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। आयोजन को सफल बनाने में पवन, धनेश रजक, कन्हैया निर्णेजक, कालेन्द्र मरावी, गजेंद्र देवांगन, गणेश निर्णेजक, दुर्गेश देवांगन, भानु केंवट, अरुण जोशी, सूरज रजक का योगदान रहा। अंत में आयोजकों ने रक्तदाताओं, अतिथियों, स्वयंसेवकों एवं ग्रामवासियों का आभार व्यक्त किया। साथ ही संकल्प लिया कि भविष्य में भी इस तरह के जनहितकारी कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे।

**शिविर में युवाओं ने किया रक्तदान**

### धर्मक्षेत्र

## मंदिर में हनुमान प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा किया गया हनुमान चालीसा का वितरण



**बिलासपुर।** पूर्व एमआईसी मेंबर राजेश शुक्ला एवं मोहल्लेवासियों ने मुक्तिधाम सरकंडा के पिछे एक मंदिर का निर्माण कराया है। इसमें अंजनी पुत्र हनुमान की प्रतिमा की विधि-विधान से प्राण-प्रतिष्ठा कराई गई। पूजा के मुख्य यजमान दीपांशु व श्रेया उपाध्याय रहे। इस दौरान हनुमान चालीसा का वितरण भी किया गया। हनुमान भगवान की प्राण-प्रतिष्ठा पं. महेश तिवारी एण्ड टीम ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान से संपन्न कराई। पूजा, यज्ञ, हवन के बाद अंजनी पुत्र हनुमान की आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। अंत में भण्डारा का आयोजन किया गया। इसमें सैकड़ों लोगों ने चावल, खीर-पुड़ी, हलुवा व सब्जी प्रसाद के रूप में ग्रहण किया। पूर्व एमआईसी मेंबर राजेश शुक्ला व पार्षद सीमा शुक्ला ने बताया कि मंदिर निर्माण के बाद यहां समय-समय पर धार्मिक आयोजन किया जाता रहेगा। इस मौके पर पूर्व महापौर रामशरण यादव, विनिता यादव, कृष्णा दीवान, लता, सरिता शुक्ला, आशा गौरहा, शुभा पाण्डेय, रिया मिश्रा, शिवांगी शुक्ला, आयुषि विश्वास सहित परिवारजन व वार्डवासी उपस्थित थे।

### डमरू नृत्य

## उज्जैन से आए कलाकारों ने हनुमान की आरती कर किया डमरू नृत्य

**बिलासपुर।** बोल बम सेवा समिति गोलबाज़ार बिलासपुर के भोले भक्तों के सानिध्य में हनुमान मंदिर गोलबाज़ार में उज्जैन से आए डमरू बजाने वाले कलाकारों ने हनुमान भगवान की आरती कर डमरू नृत्य किया गया। फिर बिलासपुर रेलवे स्टेशन पहुंच कर बोल बम सेवा समिति गोलबाज़ार के कांवरिया बंधुओं को डमरू के माध्यम से नृत्य करवाया।

साउथ बिहार ट्रेन की बोगी क्र. बी 2 को फूलों की माला से सजाया गया था और भोले नाथ की प्रतिमा को स्थापित कर तरह-तरह से फूलों का दरबार सजा कर 56 भोग भोलेनाथ को चढ़ाया गया। भजन मंडली ने भोलेनाथ का गीत भी गाया। सावन माह के प्रथम दिन बोल बम सेवा समिति गोलबाजार के कांवरिया बंधु सुल्तानगंज से जल लेकर 120 किलोमीटर की यात्रा तय कर देवघरगोलबाजार के कांवरिया के लिए रवाना होंगे।



**गोलबाजार से कांवरिए देवघर के लिए हुए रवाना**

### कार्नर न्यूज

### आर्य समाज वसुंधरा विहार का सत्संग, यज्ञ

## शरीर को स्वस्थ रखने मन का स्वस्थ रहना है जरूरी : शास्त्री

**बिलासपुर।** आर्य समाज वसुंधरा विहार बहतराई रोड में आयोजित साप्ताहिक यज्ञ, सत्संग के यजमान रोहित पटेल और अश्वनी जायसवाल सपत्निक रहे। संध्या शर्मा ने ईश्वर भक्ति का भजन प्रस्तुत किया। वहीं बताया गया कि इस शरीर को स्वस्थ रखने के लिए बुद्धि और मन का स्वस्थ रहना बहुत जरूरी है।

वक्ता विधि बत्रा ने मनुष्य का सबसे सच्चा साथी कौन विषय पर अपने विचार रखते हुए कहा कि वेदों के अनुसार मनुष्य का सबसे सच्चा साथी एक नहीं अनेक हो सकते हैं जो कि जीवन को संपूर्ण और सार्थक बनाते हैं। इसमें ज्ञान, धर्म, सत्य, आत्मा और ईश्वर भक्ति आदि शामिल है। इन सभी साथियों का आनंद हम तभी ले सकते हैं, जब हमारा स्वास्थ्य अच्छा हो। उन्होंने कहा कि ईश्वर का दिया हुआ पहला और अच्छा साथी अपना शरीर है। यदि इस भाग दौड़ की जिंदगी में हम अपने शरीर के लिए प्रतिदिन एक घंटा भी देते हैं तो हमारी कार्य क्षमता बढ़ जाती है। आचार्य जयदेव शास्त्री ने कहा कि धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष पुरुषार्थ चतुस्ट्य की प्राप्ति का मूल साधन स्वस्थ शरीर है। वेद शास्त्रों में कहा भी गया है धर्म को साधने का एक ही माध्यम मनुष्य का शरीर है। आर्य समाज के अध्यक्ष रूपलाल चावला ने सभी को प्रतिदिन एक घंटा शरीर के लिए समय देने, नित्य प्रति व्यायाम करने का संकल्प कराया।



### ये रहे उपस्थित

सत्संग, यज्ञ में आर्य समाज के संरक्षक अरविंद गर्ग, हीरा चंद्र, प्रमोद गुप्ता, आशीष बत्रा, दुखभंजन जायसवाल, संजय देवांगन, पवन मोहता, देवकुमार यादव, उदयपाल, अरुण साहू, अशोक वर्मा, माखन लाल नागदेव सपरिवार उपस्थित रहे।

## नेत्र जांच शिविर का 376 लोगों ने लिया लाभ

अखिल भारतीय वैश्य कसौंधन महासभा ट्रस्ट पंजीकृत गुप्ता समाज ने निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया। इसमें आंखों से संबंधित सभी प्रकार की बीमारियों का इलाज किया गया। साथ ही आंखों से संबंधित सभी प्रकार की बीमारियों से बचने एवं पहरेज के बारे में बताया गया। संस्था के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रमेश गुप्ता ने बताया कि शिविर का 376 लोगों ने लाभ उठाया। डॉ. अश्वनी कुमार मिश्रा ने अपनी सेवाएं देते हुए कहा कि लोग अक्सर आंखों की समस्याओं को तब तक नजरंदाज करते रहते हैं, जब तक नजर खोना शुरू न कर दें। ऐसा बिल्कुल नहीं करें तत्काल अनुभवी नेत्र परीक्षकों से संपर्क करें। बच्चे मोबाइल से दूर रहें। यदि बीमारी की शुरुआत में आ जाएं तो इलाज थोड़ा सरल हो जाता है। शिविर सपना चश्मा घर तेलीपारा में रखा गया था। कैंप को सफल बनाने में डॉ. अश्विनी कुमार मिश्रा एवं उनके स्टाफ, महासचिव किशोरी शरण गुप्ता, निशा, रिशेष, विशेष गुप्ता, धीरेन्द्र, दीपा, विश्वनाथ, रमेश, राजेश गुप्ता का सहयोग रहा।



10 -JULY--REGNOL---pg-4 COMMAN_Layout 1 7/10/2025 11:56 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### सब जूनियर बॉक्सिंग चैंपियनशिप के लिए टीम बिलासपुर रवाना



**लोरमी।** 17वीं छत्तीसगढ़ राज्य सब जूनियर बालक-बालिका बॉक्सिंग चैंपियनशिप रेलवे बॉक्सिंग रिंग बिलासपुर में 11 जुलाई से 13 जुलाई 2025 तक आयोजित की जा रही है, जिसमें छत्तीसगढ़ के प्रमुख सभी जिलों से खिलाड़ी भाग ले रहे है। इसी क्रम में प्रतियोगिता में भाग लेने मुंगेली डिस्ट्रिक्ट एम्योचोर बॉक्सिंग एसोसिएशन की बालक व बालिका टीम बस से रवाना हुई। बालक वर्ग में 35 से 37 किलोग्राम वर्ग में नागेश्वर, 37 से 40 किलोग्राम वर्ग में प्रियांशु, 40 से 43 किलोग्राम में करण साहू, 43 से 46 किलोग्राम में हितेश, 46 से 49 किलोग्राम में जलेशवर महिलांगे, 55 से 58 किलोग्राम में अखिल सिंह राजपूत एवं बालिका वर्ग में 67 से 70 किलोग्राम में दीप्ति राजपूत भाग ले रही हैं। जिला दल के प्रशिक्षक मुकेश सिंह राठौर व दल प्रबंधक सुबोध कुमार सिंह हैं। सभी खिलाड़ी विखं खेल केंद्र लोरमी में नियमित अभ्यास करते हैं।

### एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने मनाया 77वां स्थापना दिवस



**मुंगेली।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने 77वां स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को कैरियर गाइड लाइन और प्रतिभावान छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर कुन्दन कुमार, पुलिस अधीक्षक भोजराज पटेल, विद्यार्थी परिषद के विभाग संगठन मंत्री अमित, मुख्य वक्ता राजकुमार, जिला संयोजक अतुल साहू और नगर मंत्री ध्रुव रूपवानी उपस्थित रहे। इस मौके पर विद्यार्थी परिषद की नवीन कार्यकारणी की भी घोषणा हुई, जिसमें अध्यक्ष के रूप में मोहित तिवारी और नगर मंत्री के रूप में प्रथम शर्मा को का चयन हुआ। मुंगेली नगर के सभी विद्यालय के विद्यार्थी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

### 50 बॉल राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए टीम ओडिशा रवाना



**पेंड्रा।** फिफ्टी बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से आयोजित फिफ्टी बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए छत्तीसगढ़ की टीम तीन दिवस के कैंप के बाद गुरुवार को भुनेश्वर ओडिशा के लिए रवाना हुई। कैंप में सभी खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए आवश्यक तैयारी कराई गई। यह टीम प्रतियोगिता 11 से 14 जुलाई तक सीवी रमन ग्लोबल यूनिवर्सिटी भुनेश्वर में आयोजित होगी, जिसमे देश भर के 16 राज्य हिस्सा लेंगे। लेदर बॉल से खेले जाने इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की टीम पहली बार हिस्सा ले रही है, जबकि यह 50 बॉल क्रिकेट का तीसरा बड़ा आयोजन है। टीम में कप्तान ओम राठौर, उप कप्तान सिद्धार्थ कौशिक, अश्वर्य सिंह, सूर्यश शुक्ला, अंतरिक्ष जायसवाल, अक्षत गौतम, वीरेंद्र सरोते, धीरेन्द्र सिंह, नमन राठौर, साहिल श्रीवास, देवेंद्र भानु, प्रवीण टांडिया, हर्ष साहू, अंकित सिंह चयनित हुए है जबकि टीम के साथ कोच विक्रांत सिंह शामिल होंगे। कैंप में टीम ने बेहतर तैयारी की है और इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता मे प्रदर्शन की उम्मीद है।

### 'हमर संकुल' कैलेंडर का अफसरों न किया विमोचन



**बिल्हा।** संकुल केंद्र कन्या बिल्हा के समन्वयक केशव वर्मा के कुशल नेतृत्व में शिक्षा सत्र 2025-26 के लिए एक अनूठा और अत्यंत उपयोगी कैलेंडर 'हमर संकुल' तैयार किया गया है, जिसका विमोचन गुरुवार को सुनीता ध्रुव विखं अधिकारी, मुकेश अग्रवाल सहायक विखं अधिकारी, देवी प्रसाद चंद्राकार विखं स्रोत समन्वयक की मौजूदगी में किया गया। इस अवसर पर संकुल शैक्षिक समन्वयक केशव वर्मा, द्वारिका प्रसाद कश्यप, साधराम मरकाम, कलेश्वर साहू, पूर्णिमा खोबरागढ़े, दिगेश्वर कंगन, राजेश गुप्ता, मनोज ठाकुर, चंद्रशेखर श्रीवास, विश्वकर्मा सर, दिवाकर मैडम आदि उपस्थित रहे। यह कैलेंडर विशेष रूप से शिक्षा सत्र 2025-26 के लिए महत्वपूर्ण तिथियों को समाहित करता है। इसमें शैक्षिक गतिविधियों के साथ-साथ विभिन्न जयंतियों, पुण्यतिथियों, अन्य विशेष दिवसों, सामान्य अवकाशों एवं ऐच्छिक अवकाशों का विस्तृत उल्लेख किया गया है। विखं शिक्षा अधिकारी सुनीता ध्रुव ने कहा कि इसका उद्देश्य एक ऐसा संसाधन उपलब्ध कराना है, जो बिल्हा संकुल के साथ विखं के सभी सदस्यों को शिक्षा सत्र की महत्वपूर्ण घटनाओं और अवकाशों के बारे में स्पष्ट जानकारी प्रदान कर सके। 'हमर संकुल' कैलेंडर इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और हमें विश्वास है कि यह कैलेंडर शिक्षकों और छात्रों दोनों के लिए एक मार्गदर्शक के रूप में कार्य करेगा। केशव वर्मा ने कहा कि यह कैलेंडर केवल छुट्टियों की सूची नहीं है, बल्कि यह सीखने और महत्वपूर्ण घटनाओं को याद करने का एक उपकरण भी है।

## अंचल में जगह -जगह हुआ गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन

# संत का जीवन समाज को समर्पित, सेवा भावना उनसे सीखें

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा

संतों का जीवन परहित के लिए होता है, उनसे हम सेवा भावना सीख सकते हैं। ब्रह्मलीन संत मनु गिरी जी महाराज का जीवन भी सेवा में गुजरा और कोरोना काल में उन्होंने सीमित साधनों में राहगीरों को भोजन उपलब्ध करा कर सेवा भावना की मिसाल कायम की। इससे हमें प्रेरणा लेनी चाहिए।

उक्त बातें आदि शक्ति मां दुर्गा देवी मंदिर पब्लिक ट्रस्ट धनपुर में 10 जुलाई को आयोजित गुरु पूर्णिमा महोत्सव में ट्रस्ट के वरिष्ठ सदस्य रामनिवास तिवारी ने कही। उन्होंने कहा कि संत बाबा मनु गिरी जी महाराज ने सिर्फ यहां मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त नहीं किया, बल्कि इस आदिवासी अंचल में जाति से ऊपर उठकर लोगों को जोड़ने का काम किया। इस अवसर पर ट्रस्ट के पुजारी पंडित लक्ष्मी प्रसाद तिवारी ने मार्को दंपति पीतांबर सिंह मार्को एवं सुशीला मार्क के माध्यम से मंदिर परिसर में स्थित ब्रह्मलीन संत बाबा मनु गिरी जी महाराज की समाधि एवं चरण पादुका की पूजा-अर्चना कर बाबा भोलेनाथ की आरती एवं हवन कार्य संपन्न कराया। इस अवसर पर राजस्थान के सांभर से पधारे संत ब्रह्मगिरि जी महाराज के मुख्य अतिथि में आयोजित गुरु पूर्णिमा कार्यक्रम में ट्रस्ट के वरिष्ठ सदस्य गणेश पांडे भागवत सिंह मार्को, गोविंद सिंह, जान सिंह, पूरन सिंह, मानसिंह, आनंद मरावी, भगवत सिंह, महेम धुर्वा, लव कुश प्रसाद द्विवेदी, भारत सिंह, श्याम, कल्याण सिंह पंडा बाबा पीतांबर सिंह, ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष सुरेश पांडे, वेद प्रकाश पांडे, पूर्व सरपंच एवं ट्रस्ट के सदस्य फलपाल सिंह, अक्षय नामदेव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



### सोनकुंड, जालेश्वर महादेव में मनी गुरु पूर्णिमा

अंचल के प्रमुख तीर्थ सोन नदी के उद्गम स्थल मानस तीर्थ सोनमुड़ा में परंपरागत रूप से गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर यहां आश्रम के संस्थापक ब्रह्मलीन संत सहज प्रकाशानंद एवं सदानंद महाराज तथा कृष्णानंद महाराज की चरण पादुका का पूजन किया गया एवं भंडारे का आयोजन किया गया। सन कुंड आश्रम के महंत महिपालानंद महाराज के नेतृत्व में यहां समस्त कार्यक्रम आयोजित हुए तथा आषाढ़ी पूर्णिमा पर मेले का भी आयोजन किया गया। इसी तरह प्रमुख तीर्थ जोहिला नदी के उद्गम स्थल जलेश्वर महादेव में आश्रम के महंत ज्ञानेश्वर पुरी महाराज की अध्यक्षता में गुरु पूर्णिमा का आयोजन किया गया। यहां दिन भर श्रद्धालुओं की भीड़ रही तथा उनके लिए भोग भंडारे का आयोजन किया गया।

### भाजपा जिला प्रभारी ने की गुरु व गुरु माता की पूजा



**तखतपुर।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं जिला प्रभारी दिनेश कुमार राजपूत ने अपने गुरु रामनाथ सिंह एवं गुरु माता का विधिवत पूजन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। उक्त कार्यक्रम गंगा नगर में श्रद्धा एवं सादगीपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। पूजन में परिवारजनों सहित स्थानीय कार्यकर्ता एवं अनुयायी भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्री राजपूत ने कहा कि मेरा जीवन उनके उपकारों और शिक्षाओं से अनुप्राणित है। गौरतलब है कि भारतीय जनता पार्टी की ओर से पूरे प्रदेश में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर पार्टी के सभी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को अपने-अपने गुरुओं का पूजन कर उनका आशीर्वाद लेने का निर्देश दिया गया था, जिसके अंतर्गत यह आयोजन किया गया।

### कोसमा में गुरु पूर्णिमा पर लगाए गए पौधे



**जरहागांव।** शासकीय प्राथमिक पूमा शाला कोसमा में गुरु पूर्णिमा का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर प्राचीन वैदिक परंपरा एवं गुरुकुल शिक्षा पद्धति आधारित गुरु शिष्य परंपरा पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर 'एक पेड़ मां के नाम 2.0' के तहत शाला में माताओ एवं बच्चों की उपस्थिति में पौधरोपण किया गया। शिक्षक मनोज कश्यप ने बताया कि 'एक पेड़ मां के नाम' का सार एक प्रतीकात्मक भाव है, जिसका आशय है अपनी मां के नाम पर एक पेड़ लगाना। उन्होंने कहा कि पेड़ जीवनदायी होते हैं और एक मां की तरह वे अगली पीढ़ी को पोषण, सुरक्षा और भविष्य प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में सम्मिलित सभी माताओं एवं पालकों ने परिसर में लगाए एवं पौधों का संरक्षण करने एवं शाला की सुरक्षा का दायित्व भी उठाया। इस अवसर पर प्रधान पाठक राजेश्वरी पात्रे, रजनी कश्यप, संकुल समन्वयक खीरेंद्र साहू, शिक्षक मनोज कश्यप, खुमेश्वर सोनवानी, सुशील यादव, रामकुमार साहू, शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष रोहित यादव, गीता निषाद, पुष्पलता कश्यप सहित 30 माताएं मौजूद रहीं।

### पूजा-अर्चना के साथ मनाई गई गुरू पूर्णिमा



**बोदरी।** नगर के बाबा भगतराम दरबार एवं सिंधु अमर धाम में विविध रीति-रिवाजों और परंपराओं के साथ गुरू पूर्णिमा का पर्व श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस दौरान भक्ति और उत्सव का सुंदर मेल देखने को मिला एवं मंदिरों और आश्रम में पूजा-अर्चना के साथ प्रवचन और सत्संग का आयोजन किया गया। भारतीय जनता पार्टी बिलासपुर शहर गुरु पूर्णिमा कार्यक्रम के संयोजक कृष्ण कुमार कौशिक एवं नगर पालिका बोदरी के अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय कुमार वर्मा ने गुरुजी साईं लालदास सिंधु अमरधाम चकरभाठा व गुरुजी साईं कृष्ण दास उदासी आश्रम चकरभाठा में एकादशी कार्यक्रम के कथा वाचक साईं बलराम दास का सम्मान किया गया। कृष्ण कुमार कौशिक ने कहा कि आज के तेजी से बदलते और अनिश्चित समय में गुरू पूर्णिमा का महत्व और भी बढ़ गया। गुरू चाहे माता पिता हों या अधयापक-अध्यापिका या आध्यत्मिक गुरू। सभी हमें निश्चितता, दृष्टिकोण और आशा प्रदान करते हैं। विजय वर्मा ने कहा कि गुरू पूर्णिमा की महत्ता इसकी सार्वभौमिक स्वीकृति में छिपी है। पंचायत चकरभाठा के ओमप्रकाश जसवानी, पूर्व पार्षद इंद्र कुमार भोजवानी, मोती लाल आडवाणी, भगवान दास शर्मा उपस्थित रहे एवं गुरूओं का आशीर्वाद लिया।

### मानव उत्थान सेवा समिति ने मनाई गुरु पूर्णिमा



**लगरा।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर मानव उत्थान सेवा समिति बिलासपुर के तत्वाधान मे दो दिवसीय सद्भावना सत्संग कार्यक्रम का आयोजन उसलापुर में किया गया। यह आयोजन मानव धर्म सेवा समिति महात्मा चित्रा बाई, महात्मा नीरा बाई के सानिध्य में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के का शुभारंभ सुमधुर भजनों के साथ किया गया एवं संत महात्माओं द्वारा लिखित धर्म ग्रंथों पर आधारित सार गर्भित विचार रखे गए। प्रभारी महात्मा चित्रा बाई, नीरा बाई ने गुरु पूर्णिमा गुरु महिमा का बखान करते हुए कहा कि यह दिन गुरु और शिष्य के रिश्ते की पवित्रता और उसके महत्व का प्रतीक माना जाता है। गुरु पूर्णिमा केवल एक पर्व नहीं, बल्कि यह गुरु और शिष्य के आत्मबोध, आत्मचिंतन और आध्यात्मिक उन्नति का दिन है। कार्यक्रम के अंत में दिव्य-आरती, प्रसाद व भंडारे का वितरण किया गया। आयोजन की सफलता में मानव सेवा दल, एवं यूथ विंग का सहयोग सराहनीय रहा। इसमें विशेष रूप से सियाराम जायसवाल, पुरुषोत्तम साहू, सेतन राम रजक ,राजा, भाजपा मंडल महामंत्री त्रिदेव रजक, कन्हैया धूरी, दुलीचंद, कृष्णा साहू, मुकेश साहू सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### गुरु हमारे जीवन के मार्गदर्शक



**सीपत।** वैदिक पब्लिक स्कूल एवं वैदिक विद्यालय सीपत में गुरुवार को गुरु पूर्णिमा पर्व को हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के प्रति श्रद्धा प्रकट करते हुए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने अपने शिक्षकों के माथे पर तिलक लगाकर उनका सम्मान किया और उन्हें उपहार भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। संस्था की उपसंचालिका मीना द्वारिकेश पांडेय ने कहा कि गुरु हमारे जीवन के मार्गदर्शक होते हैं, जो हमें केवल ज्ञान ही नहीं, बल्कि संस्कार और जीवन के मूल्यों का भी बोध कराते हैं। भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान भगवान से भी ऊपर माना गया है। हमें अपने गुरुओं का सदैव सम्मान करना चाहिए और उनके दिखाए मार्ग पर चलना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि आज के युग में शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों की सीख भी आवश्यक है, जो केवल एक सच्चे गुरु ही दे सकते हैं। कार्यक्रम में स्कूल के समस्त शिक्षक उपस्थित रहे। छात्र छात्राओं ने कविता, गीत और भाषणों के माध्यम से गुरुओं के प्रति अपनी भावनाएं व्यक्त की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अभिभावक भी उपस्थित रहे और विद्यालय के इस प्रयास की सराहना की।

### 'एक पेड़ गुरु और मां के नाम' पर बच्चों ने किया पौधरोपण



**मुंगेली।** कस्तूरबा कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विनोबा के विधार्थियो को गुरु एवं वृक्षारोपण का महत्व बताते हुए 'एक पेड़ गुरु और मां के नाम' से पौधरोपण करने हेतु पौधा प्रदान किया गया। विद्यार्थियों को 5 साल तक पौधों के संरक्षण हेतु प्रेरित करते हुए विधार्थियों एवं शिक्षको को शमी, आवला, बरगद, पीपल एवं विभिन्न प्रजाति के एक-एक पौधे दिए गए विद्याार्थियों ने बड़े ही उत्साह के साथ पौधा लिया एवं अपने घर पर पौधा लगाकर सेल्फी ली। स्कूल में गुरु पर्व कार्यक्रम शैलेश कुमार पाण्डेय जिला कार्यकारिणी सदस्य आर्यावर्त ब्राह्मण महासभा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में प्राचार्य एवं जिला अध्यक्ष आर्यावर्त ब्राह्मण महासभा ब्रम्हदत्त त्रिपाठी एवं समस्त शिक्षक एवं विधार्थी उपस्थित रहे।

### आत्मानंद स्कूल में गुरू पूर्णिमा उत्सव



**मुंगेली।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी विद्यालय दाऊपारा में गुरु पूर्णिमा उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शाला के विद्यार्थी श्वेता लहरे, अक्षत सोनी, स्नेहा आडिल, छाया पात्रे की ओर से सरस्वती वंदना, भाषण, कविता एवं गीत प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर शाला के विद्यार्थियों ने गुरु की महिमा का वर्णन करते हुए सभी शिक्षकों को तिलक लगाकर कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ आईपी यादव, व्याख्याता पंकज मिश्रा, सांत्वना दत्ता, एनएसएस प्रभारी राहुल वर्मा, हरिशंकर गुप्ता, रंजीता केंवट, ज्योति जायसवाल, व्यायाम शिक्षक राजेन्द्र प्रसाद साहू, सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं की उपस्थिति रही।

### भैया बहनों ने आचार्यों का किया सम्मान

**सकरी।** सरस्वती शिशु मंदिर सकरी एवं खजुरी नवागांव में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ गुरु पूजा की गई एवं विद्यालय के भैया-बहनों ने आचार्य व बहनजी का पुष्प माला, श्रीफल एवं कलम भेंट कर गुरु पूर्णिमा का पर्व मनाया। खजुरी नवागांव सरपंच मनोज बंटी तिवारी ने इस अवसर पर कहा कि गुरु का दर्जा भगवान से श्रेष्ठ है, क्योंकि भगवान तक पहुंचने का मार्ग गुरु ही होता है।

विद्यालय के अध्यक्ष धर्मेश दुबे ने गुरु की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यदि पूरे संसार के भूखंड को कागज, सागर के पानी को स्याही और वन सम्पदा के सारे वृक्षों को कलम बना दिया जाए तो भी गुरु की महिमा का वर्णन नहीं किया जा सकता। अर्थात गुरु की महिमा अनंत है। इसी कड़ी में सामाजिक कार्यकर्ता रामचरण वस्त्रकार ने मां को प्रथम गुरु बताते हुए महर्षि वेदव्यास जी के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को प्रधानाचार्य तुलसी साहू, बहनजी रजनी यादव, आचार्य द्वय जितेन्द्र उपाध्याय व प्रकाश यादव ने भी संबोधित किया। पंडित विरेंद्र दुबे ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ गुरु पूजा संपन्न कराई। विद्यालय के भैया बहन भावना उपाध्याय, राधिका साहू, लव उपाध्याय, रुद्र साहू ,अनामिका निर्मलकर ने प्रासंगिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस दौरान शिक्षा सत्र



2024-25 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन मनोकामना यादव एवं आभार प्रदर्शन शारदा यादव बहनजी ने किया। साथ ही स्वैच्छिक सेवानिवृत्त होने वाली बहनजी प्रतिभा चौबे का श्रीफल, शाल एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया गया।

### काली मंदिर गीधा में गुरु पूर्णिमा कार्यक्रम



**मुंगेली।** भाजपा ग्रामीण मंडल मुंगेली की ओर से काली मंदिर गीधा में गुरु पूर्णिमा कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मंदिर के पुजारी जवाहर तिवारी का शाल श्रीफल से सम्मान किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से कार्यक्रम संयोजक शंकर सिंह ठाकुर, सह संयोजक लोकनाथ ठाकुर, मंडल अध्यक्ष राजीव श्रीवास, विनय महाराज, मानी ठाकुर, भागीरथी यादव, दानी साहू, दानी ठाकुर, हिरेंद्र जायसवाल, डॉ सुरेश ठाकुर, राजेश्वर सिंह टंडन, कन्हैया जायसवाल, मेलाराम श्रीवास, परदेशीराम साहू, सुखदेव साहू, कीर्तु धूरू, संतोष पटेल, बसंत सोनी, केशव साहू, दिलीप यादव, दिनेश ठाकुर, रघुराई, मोहित यादव, भाऊ श्रीवास, राजाराम साहू, किशोर साहू, मोहित यादव, आजेंद्र सिंह, मोजी साहू, दिनेश साहू, शिवकुमार साहू, पप्पू चतुर्वेदी, दिलदार साहू, वीरेंद्र साहू, अशोक साहू, धनेंद्र साहू, बसंत स्वर्णकार, विशेषर साहू, सूरज जांगड़े, किशना रजक सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### प्राथमिक शाला जमुनाही में गुरुओं का सम्मान

**लोरमी।** शासकीय प्राथमिक शाला जमुनाही में गुरु पूर्णिमा का पर्व बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। प्रधान पाठक कृष्ण कुमार सोनी ने गुरु की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु प्रकाश का पुंज हैं, हमारे जीवन में गुरु आवश्यक हैं। हिन्दू धर्म में गुरु को ईश्वर से श्रेष्ठ माना गया है, क्योंकि गुरु ही हैं जो इस संसार रूपी भव सागर को पार करने में सहायता करते हैं। गुरु के ज्ञान और दिखाए गए मार्ग पर चलकर व्यक्ति मोक्ष को प्राप्त करता है । इस अवसर पर शाला के प्रधान पाठक कृष्ण कुमार सोनी, शिक्षिका लक्ष्मी ध्रुव, शिरोमणि साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रामकुमारी साहू, रसोईया ललिता यादव, जलेश्वरी निषाद सहित विधालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



## कलेक्टर ने की पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा

# कार्यों की धीमी गति पर कलेक्टर नाराज, अफसरों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

जिला पंचायत के सभाकक्ष में कलेक्टर कुन्दन कुमार ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत आवासों की भौतिक प्रगति, मनरेगा श्रमिकों के नियोजन की स्थिति, कार्य पूर्णता, मस्टर रोल में उपस्थित की आंगनबाड़ी भवन निर्माण, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन स्वच्छ भारत मिशन, मोर गांव मोर पानी सहित विभिन्न गतिविधियों एवं निर्माण कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि गरीबों को आवास उपलब्ध कराना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसलिए सभी विकासखंडों में अपूर्ण, प्रगतिरत एवं अप्रारंभ



पंचायत विभाग के अधिकारियों की बैठक लेते कलेक्टर।

आवासों को त्वरित गति से पूर्ण कराया जाए। उन्होंने कहा कि पीएम आवास, आंगनबाड़ी भवन सहित विभिन्न निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें, किसी भी परिस्थिति में गुणवत्ता से समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को सभी निर्माणाधीन भवनों का भौतिक निरीक्षण कर गुणवत्ता सुनिश्चित करने को कहा। जनमन योजना के अंतर्गत निर्मित आवासों की प्रगति की समीक्षा करते हुए बेहतर प्रदर्शन करने वाले तकनीकी सहायकों बच्चन मार्को, योगेन्द्र पटेल एवं नितिन चंद्राकर की प्रशंसा करते हुए उन्हें और बेहतर कार्य के लिए प्रेरित किया। वहीं कार्यों में धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए लोरमी के तकनीकी सहायक रविन्द्र पैकरा और पीएम आवास के ब्लॉक समन्वयक को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मनरेगा के अंतर्गत, कार्य पूर्णता, मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम के माध्यम से मास्टर रोल में उपस्थित, कृषि एवं कृषि संबंधी कार्यों पर व्यय की प्रगति, मोर गांव मोर पानी महभियान आदि की समीक्षा करते हुए लक्ष्य के अनुरूप बेहतर प्रगति लाने तथा सभी लंबित कार्यों को अतिशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। मनरेगा कार्यो में धीमी प्रगति पर उन्होंने लोरमी पीओ और प्रोग्रामर को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को स्पष्ट संदेश देते हुए कहा कि निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण नहीं होने की स्थिति में जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कार्यों में तेजी, गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

### शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक

शिक्षा के क्षेत्र में मुंगेली को एक नई पहचान दिलाने और शिक्षा गुणवत्ता सुनिश्चित सुनिश्चित करने कलेक्टर कुन्दन कुमार, पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पांडेय के मार्गदर्शन में 90 प्लस परीक्षा परिणाम अभियान चलाया जाएगा। इस संबंध में जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभा कक्ष में कलेक्टर कुन्दन कुमार ने संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में इस अभियान की कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गई। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने कहा कि कक्षा 10वीं और 12वीं के छात्रों के बोर्ड परीक्षा परिणामों को बेहतर बनाने एवं शैक्षणिक गुणवत्ता को बेहतर करने के उद्देश्य से 90 प्लस परीक्षा परिणाम अभियान की शुरुआत की गई है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक विद्यार्थियों को 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक दिलाना है। जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त प्रयास से संचालित इस पहल में शिक्षकों, पालकों और छात्रों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारियों सहित विभाग के अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

10 -JULY--REGNOL---pg-5 -COMMAN_Layout 1 7/10/2025 12:07 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का शुभारंभ आज



**मल्हार।** पवित्र सावन माह के पहले दिन से आज नगर के वार्ड 5 के ठाकुर परिवार की ओर से भव्य संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का शुभारंभ उनके निवास पर होगा। कथावाचक पंडित मयंक पांडेय होंगे और पंडित दीपक तिवारी परायण करेंगे। आज कथा स्थल से पातालेश्वर महादेव मंदिर तक कलश यात्रा निकलेगी तथा वेदी पूजन, कलश स्थापना, नवग्रह स्थापना के बाद आचार्य श्रीमद्भागवत कथा का महात्म्य गुणगान करेंगे। इसी तरह प्रतिदिन शाम 3 से 6 तक कथा होगी। 19 जुलाई को तुलसी वर्षा, सहस्त्रधारा, महाआरती, ब्राम्हण भोज के साथ कथा विश्राम होगी।

### मवेशी ने 6 लोगों पर किया जानलेवा हमला



**कोरबा।** बारिश का मौसम शुरु होते ही मवेशी शहर व उपनगरीय क्षेत्रों की सड़कों पर जाकर बैठ जाते हैं जिससे आने जाने वाले राहगीर गाहे बगाहे मवेशियों से टकरा जाते हैं जिससे कभी भी राहगीरों की जान पर बन आती है तो कभी भी मवेशियों की भी मौत हो जाती है। इसी कड़ी में बुधवारी क्षेत्र में मवेशी के हमले से 6 लोग घायल हो गए। इनमें से एक व्यक्ति को सिर में 6 टांके लगाने पड़े। स्थिति बिगडऩे पर एक टीम द्वारा मवेशी का रेस्क्यु किया गया और मवेशी को सुरक्षित जगह पर रखा गया है ताकि आगे फिर ऐसे हालात न बन सके।

## निधन

### डाक्टर नीरज शिंदे



**बिलासपुर।** सिम्स महाविद्यालय के सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष एवं प्रोफेसर डॉ. नीरज शिंदे का निधन हो गया। उनका निधन उस समय हुआ जब वे अपनी पत्नी डॉ. उषा और बच्चों सहित एक मित्र के साथ नेपाल के रास्ते कैलाश मानसरोवर की तीर्थयात्रा पर थे। उनके निधन पर सिम्स परिवार की ओर से उनके शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की गई है।

### राम जानकी गुप्ता



**बिलासपुर।** तुरकाडीह निरतू निवासी राम जानकी गुप्ता का 10 जुलाई का निधन हो गया। वे 71 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार 11 जुलाई को सुबह 9 बजे उनके गृह ग्राम में किया जाएगा। वे महेन्द्र गुप्ता, आचार्य तुलसी राम गुप्ता की मां थीं।

### राजकुमारी गुप्ता



**बिलासपुर।** तिफरा यदुनंदन नगर निवासी राजकुमारी गुप्ता का निधन 9 जुलाई को हो गया है। वे 82 वर्ष की थीं। वे स्वर्गीय ईश्वर गुप्ता की धर्म पत्नी एवं विष्णु गुप्ता, प्रमोद गुप्ता की माता थीं।

### ओमप्रकाश अग्रवाल



**बिल्हा।** नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी ओम प्रकाश अग्रवाल का 10 जुलाई को स्वर्गवास हो गया। वे स्व. प्रहलादराय के पुत्र थे। उनकी अंतिम यात्रा 11 जुलाई को सुबह 10:30 बजे उनके निज निवास स्थान से स्थानीय मुक्तिधाम के लिए निकलेगी।

### रामहरे जायसवाल



**करगी रोड कोटा।** नगर के वार्ड 14 धौराभाटा निवासी क्षेत्र के सुप्रसिद्ध मानस एवं गीता प्रवक्ता रामहरे जायसवाल का आकस्मिक निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार पाली मुक्तिधाम में किया गया।

# मल्हार के भीम-कीचक मंदिर का रहस्य अब भी बरकरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मल्हार

धर्म नगरी मल्हार को भगवान शिव की नगरी भी कहा जाता है, जहां उनके विभिन्न भाव भंगिमाओं के दर्शन होते हैं। इसीलिए विशेष कर सावन माह में शिव भक्त यहां पहुचकर आराधना करते हैं। ऐतिहासिक, धार्मिक व पुरातात्विक पर्यटन स्थल व धर्मनगरी मल्हार स्थित भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण मंडल के अधीन दो स्मारकों में से एक महत्वपूर्ण बस स्टैण्ड स्थित भीम-कीचक (देउर मंदिर) है। पुरातत्व विभाग के अनुसार यह मंदिर छठवीं-सातवीं शताब्दी में निर्मित है एवं पश्चिमाभिमुखी इस मंदिर के गर्भगृह में स्थापित जलहरी प्रमाणित करती है कि यह मंदिर भगवान शिव को समर्पित था। मन्दिर की द्वार शाखा पर गंगा व यमुना का सुंदर अंकन है। द्वार शाखा पर ही अंदर की ओर शिव के गणों को विभिन्न भाव भंगिमाओं में दर्शाया गया है। इस जगह की खुदाई भारतीय पुरातत्व विभाग द्वारा सन 1979 से 1982 तक की गई थी।

यह मंदिर सोमवंशी शासकों के सबसे बड़े अवशेषों में से एक हैं। लोगों के अनुसार जब इस जगह की खुदाई हुई तो पंचरत्न निर्मित कोई चमकदार शिवलिंग जैसी वस्तु दिखाई दी, किंतु शाम ढलने पर अधिकारियों ने खुदाई रोक दी। दूसरे दिन जब वहां पर फिर से खुदाई शुरू हुई तो जलहरी के अलावा कुछ नहीं मिला। तब से यह मंदिर बिना शिवलिंग मंदिर के नाम से जाना जाने लगा, यह रहस्य अब भी बरकरार है कि आखिरकार वह चमकती धातु अथवा शिवलिंग कहां गायब हो गई।

**उद्यान की खूबसूरती से पर्यटक प्रभावित-** भारतीय पुरातत्व विभाग की ओर से इस मंदिर परिसर को उद्यान के रूप में बहुत ही खूबसूरती के साथ सुसज्जित किया गया है, जिसका भव्य नजारा देखकर पर्यटक यहां कुछ समय परिवार के साथ बिताते हैं। आकर्षक रंग-बिरंगे फूल व पौधों के अलावा लान घास से पूरा परिसर मनमोहक लगता है। बरसात के मौसम में यहां चारों तरफ की हरियाली व प्राचीन काल के मंदिर के सुंदर दृश्य का संगम लोगों को खूब भाता है। सावन माह में श्रद्धालु बड़ी संख्या में यहां पहुंचकर मंदिर में पूजा करते है।

## मन्दिर की द्वार शाखा पर गंगा व यमुना का सुंदर अंकन





## स्थापत्य कला का अद्भुत उदाहरण

मल्हार में सोमवंशी स्थापत्य कला का यह मंदिर महत्वपूर्ण उदाहरण है, लगातार शताब्दियों से उपेक्षित यह मंदिर ध्वस्त होकर टीले के रूप में परिवर्तित हो चुका था एवं यहां जगह-जगह पर कई विशाल वृक्ष उग आए थे। ग्रामवासी इस स्थल को देउर के नाम से जानते थे। खुदाई के दौरान टीले की सफाई से मूल मंदिर का आकार स्पष्ट होने के साथ ही मंदिर के नीचे दबी हुई कई दुर्लभ कला कृतियां तथा अलंकृत स्तम्भ खंड भी मिले। इन पुरावशेषों से यह प्रमाणित हुआ कि यह आदिकाल में पश्चिमाभिमुख शिव मंदिर रहा था। मंदिर का निर्माण बड़े-बड़े पत्थरों को तराश कर किया गया है। नगर के पुरातत्व चिंतक व 'मल्हार दर्शन' पुस्तक के लेखक राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित स्व रघुनंदन प्रसाद पांडेय ने अपनी सभी कृतियों में इस मंदिर के सम्बंध में विस्तार से जानकारी दी है। उन्होंने बताया है कि इस मंदिर के दक्षिण भाग में गरुणासीन विष्णु, लक्ष्मीनारायण एवं पश्चिम भाग में रति-प्रीति सहित कामदेव की मूर्तियां विद्यमान हैं। इसके अलावा शिव विवाह एवं उमा महेश्वर का अत्यंत कलात्मक चित्र अंकित है। पुरातत्व के जानकारों का मानना है कि आदिकाल में निर्मित यह मंदिर किन्ही कारणों से अपूर्ण रह गया होगा।

## 15 प्रदर्शनकारियों के खिलाफ मामला दर्ज

# छात्रों ने तोखन के काफिले के सामने किया प्रदर्शन

**सड़क को ठीक करने को लेकर छात्रों ने जन आंदोलन की चेतावनी दी थी**




खराब सड़क को लेकर प्रदर्शन करते छात्र।

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

खराब सड़कों से नाराज छात्रों ने केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू के काफिले को रोककर सरकार के विरूद्ध जमकर नारेबाजी की। पुलिस ने आंदोलन करने वाले 15 छात्रों के विरूद्ध अपराध दर्ज किया।

बरसात में बिलासपुर-जबलपुर नेशनल हाईवे मार्ग जर्जर हो जाने और लगातार गढ्ढों के कारण सड़क दुर्घटना होने की वजह से नगर के छात्रों ने जन आंदोलन की चेतावनी दी थी। इसी क्रम में गुरूवार को विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने तखतपुर पहुचे केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू के काफिले के सामने छात्रों ने जमकर प्रदर्शन किया। दरअसल सड़क को ठीक करने को लेकर छात्रों ने जन आंदोलन की चेतावनी दी थी एवं मनियारी नदी पुल के ऊपर चक्काजाम किया हुआ था। कार्यक्रम के पश्चात लगभग 3 बजे श्री साहू का काफिला जैसे मनियारी पुल के पास ही पहुंचा छात्र उनके काफिले के सामने खड़े होकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करने लगे।

इस बीच वहां मौजूद पुलिस बल ने छात्रों को रोकने की कोशिश की लेकिन वे नहीं माने एवं नारेबाजी करते रहे। ऐसे में केंद्रीय मंत्री की पायलेटिंग गाड़ी वापस मुड़ गई एवं बाद पूरा काफिला वापस रूट बदल कर चला गया।

### कांग्रेस का धरना आंदोलन आज

नगर में कांग्रेसियों की ओर से आज नगर की सड़क, बिजली, खाद, पानी, स्वास्थ्य आदि की बदहाली के विरोध में आंदोलन किया जाएगा। नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बिहारी देवांगन ने कार्यकर्ताओं से आंदोलन को सफल बनाने के लिए अपील की है। वहीं पूर्व जिला पंचायत सदस्य जितेंद्र पाण्डेय ने आंदोलन करने वाले छात्रों के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध किए जाने पर कहा कि भाजपा सरकार की यह नीति रही है कि आंदोलनकारियों और सच बोलने वालों को हमेशा दबाकर रखती है। जनता आने वाले समय में इन दमनकारी सरकार को सबक सिखाएगी।

### छात्रों पर अपराध दर्ज

केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू के काफिले को नगर के छात्रों के द्वारा आयोजित जन आंदोलन के चलते मनियारी नदी पुल से वापस जाना पड़ा। चक्काजाम करने वाले 15 से अधिक छात्रों के विरूद्ध पुलिस ने 191,2 126,2 के तहत अपराध दर्ज किया।

# भविष्य की नींव रखने का उत्सव है शाला प्रवेशोत्सव

## गर्ल्स स्कूल के प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए तोखन साहू



**तखतपुर।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तखतपुर में आयोजित प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री तोखन साहू और विधायक धर्मजीत सिंह शामिल हुए। इस मौके पर विद्यालय की मांग पर विधायक धर्मजीत सिंह ने 25 लाख रुपए के शेड निर्माण की घोषणा की। केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि शाला प्रवेश उत्सव के माध्यम से नवप्रवेशी छात्राओं का स्वागत कर रहे हैं। यह सिर्फ एक परंपरा नहीं, बल्कि हमारे भविष्य की नींव रखने का उत्सव है।

■ बच्चियों को सुरक्षित शैक्षिक वातावरण देने हमारा कर्तव्य: धर्मजीत

बच्चे किसी भी समाज का भविष्य होते हैं, जब हम उन्हें विद्यालय में शिक्षा की पहली सीढ़ी चढ़ाते हैं, तब हम उनके उज्ज्वल जीवन की शुरुआत करते हैं। इसीलिए यह अत्यंत आवश्यक है कि हम उन्हें न केवल किताबों का ज्ञान दें, बल्कि संस्कार, नैतिकता और व्यवहारिक जीवन का भी पाठ पढ़ाएं। आज सरकार की ओर से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। हमारी विभिन्न योजनाएं पोषण आहार, छात्रवृत्ति और बालिका शिक्षा प्रोत्साहन से संबंधित हैं। सभी का उद्देश्य है हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है। विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि हमारे देश और समाज की प्रगति में शिक्षा की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। जब एक बच्चा विद्यालय में प्रवेश करता है, तब वह केवल पढ़ना-लिखना नहीं सीखता, बल्कि वह अनुशासन, संस्कार और सामाजिक जिम्मेदारियों की ओर भी कदम बढ़ाता है। वे कल के डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक, वैज्ञानिक और नेता बनेंगे। इसलिए हमारा कर्तव्य है कि हम उन्हें एक सुरक्षित, प्रेरणादायक और गुणवत्तापूर्ण शैक्षिक वातावरण दें। कार्यक्रम में नव प्रवेशी छात्रों को तिलक लगाकर शाला प्रवेश कराया गया एवं उन्हें पुस्तकें प्रदान की गईं। अंत में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण भी किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक राजू सिंह क्षत्रीय, संतोष कौशिक, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष गुरदीप कौर खुराना, दिलीप तोलानी, कृष्ण कुमार साहू, बंशी पाड़े ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन प्रभारी प्राचार्य जितेंद्र शुक्ला एवं आभार प्रदर्शन आमोद एक्का ने किया।

इस अवसर पर दिनेश राजपूत, गुलजीत खुराना, पार्षद कोमल सिंह ठाकुर, कैलाश देवांगन, अंकित अग्रवाल, सुरेश देवांगन, केदार सिंह क्षत्री, मीना ठाकुर, मंजू सिंह, श्यामा रामानंदी, प्रमोद ठाकुर, प्राचार्य बीजा हूप सिंह क्षत्री, कामिनी गुप्ता, जेडी कुजूर, मिनाज खान, रश्मि मिश्रा, स्वीटी सिंह, माहेश्वरी सिन्हा, मयंक यादव, एचडी मैरसा, मीनाक्षी शर्मा, मीनाक्षी बनर्जी, कामिनी गुप्ता, दिव्या मिश्रा, अंकित विश्वकर्मा, पारुल यादव, माहेश्वरी सिन्हा, पुष्पेंद्र दुबे, राम सहाय पाठक, अहिल्या ध्रुव सहित अन्य उपस्थित रहे।



# नपा के कर्मचारियों ने काली पट्टी लगाकर किया काम

**मल्हार।** नगर पंचायत के कर्मचारियों ने संघ के आह्वान पर तीन सूत्रीय मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शित करते हुए काली पट्टी लगाकर काम किया।

कर्मचारियों का कहना है कि उन्हें समय पर वेतन नहीं मिल पाता, जिसके चलते वे अपने परिवार को लेकर चिंतित रहते हैं। कभी-कभी तो वेतन 4 से 5 माह तक नहीं मिलता। हाल ही में विरोध प्रदर्शन शुरू के बाद 2 माह का वेतन दिया गया, इसके बादजूद भी अब तक 2 माह का वेतन बाकी है। देर से वेतन भुगतान का यह मामला कोई नया नहीं है बल्कि कर्मचारियों के साथ ऐसा अक्सर होता है। इससे क्षुब्ध होकर कर्मचारी काली पट्टी लगाकर काम कर रहे हैं। उनकी मांग है कि प्रत्येक माह वेतन समय पर मिले और पुरानी पेंशन योजना को भी लागू किया जाए, इसके अलावा बहुत दिनों से लंबित पदोन्नति फिर से शुरू की जाए।

■ तीन सूत्रीय मांगों को लेकर विरोध

गुरुवार को नगर पंचायत में नगरीय निकाय कर्मचारी सीताराम मरावी, मिथलेश श्रीवास, नारायण साहू, कमलेश साहू, भानु कैवर्त सहित सभी नियमित कर्मचारियों ने काली पट्टी लगाकर काम किया।

# मछुआरा समाज ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़: लहरिया

**सीपत।** राष्ट्रीय मछुआरा दिवस पर गुरुवार को सीपत के मंगल भवन में मत्स्य विभाग की ओर से भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने मछली पालन को गांव-गांव तक फैलाने का आह्वान करते हुए कहा कि मछुआरा समाज हमारे ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है।

कांग्रेस की भूपेश सरकार ने मत्स्य विभाग को कृषि का दर्जा देकर हमेशा मछुआरा भाइयों को सम्मान दिया और उन्हें सशक्त बनाने विशेष योजनाएं चलाईं। आज मछली पालन से किसान धान की तुलना में ज्यादा आमदनी प्राप्त कर रहे हैं। मछली पालन कोई बहुत प्रतिस्पर्धी व्यवसाय नहीं है, आप इसे सहजता से अपनाकर गांव में समृद्धि ला सकते हैं। जनपद कृषि स्थायी समिति के सभापति मनोज खरे ने कहा कि राज्य एवं केंद्र सरकार की ओर से कृषकों के हित में अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। जरूरत है कि किसान जागरूक होकर इनका अधिक से अधिक लाभ उठाएं। इससे वे न केवल आर्थिक रूप से सशक्त होंगे, बल्कि समाज में एक नई पहचान भी बनाएंगे। कार्यक्रम का संचालन करते हुए मत्स्य विभाग मस्तूरी की निरीक्षक सतरूपा जायसवाल ने मत्स्य पालन से संबंधित विभागीय योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि राज्य शासन द्वारा मछुआ समुदाय के लिए कई जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। मछुआ कृषक दुर्घटना बीमा योजना, तालाब विकास योजना, मत्स्य बीज वितरण, जाल-धागा सहायता जैसी योजनाओं का लाभ उठाकर ग्रामीण जीवन को समृद्ध बना सकते हैं। सतरूपा जायसवाल ने किसानों से अपील की करते हुए कहा कि वे अपने गांव के तालाबों में मछली पालन कर न केवल कुपोषण मिटाएं, बल्कि गरीबी से भी मुक्ति पाएं। इस दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में मंच पर जिला पंचायत सदस्य राजेंद्र धीवर, जिपं सदस्य सत्यकली बावरे, जनपद सभापति मनोज खरे , सरपंच मनीषा योगेश वंशकार, जांजी सरपंच राजेन्द्र पाटले उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों ने चयनित मछुआ कृषकों को विभाग की ओर से मछली पकड़ने का जाल व धागा वितरित किया।




कार्यक्रम में उपस्थित विधायक दिलीप लहरिया।

# टीसी मांगने गई छात्रा को कॉलेज के प्राचार्य ने मारा थप्पड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रतनपुर स्थित बीआर साव कॉलेज में एक छात्रा के साथ कथित दुर्व्यवहार का मामला सामने आया है। टीसी (स्थानांतरण प्रमाणपत्र) मांगने पर कॉलेज स्टाफ द्वारा छात्रा को न केवल बाहर निकाल दिया गया, बल्कि एक महिला कर्मचारी ने उसे थप्पड़ भी मार दिया। इस पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिससे कॉलेज प्रबंधन और प्रशासन की भूमिका पर सवाल उठने लगे हैं।

■ रतनपुर स्थित बीआर साव कॉलेज का मामला

पीड़िता राजकिशोर नगर निवासी छात्रा ने रतनपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उसने बताया कि वर्ष 2021-22 में उसने खेल कोटे से बीएससी प्रथम वर्ष में प्रवेश लिया था। 2022-23 तक पढ़ाई जारी रही, लेकिन तीसरे वर्ष की फीस अधिक होने के कारण उसने टीसी की मांग की। इस पर कॉलेज प्रबंधन का रवैया बदल गया। छात्रा का आरोप है कि टीसी मांगने पर कॉलेज प्रबंधन ने बार-बार टालना शुरू कर दिया। जब वह बुधवार को कॉलेज पहुंची और अपने अधिकार को लेकर सवाल किया तो विवाद बढ़ गया। इसी दौरान प्राचार्य ने उसे थप्पड़ जड़ दिया। वहीं एक शिक्षक ने उसके साथ अभद्रता की। छात्रा के साथ मौजूद परिजनों ने इसका वीडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल है। मामले में टीआई नरेश चौहान ने कहा दोनों पक्ष से लिखित शिकायत मिली है। जांच के बाद कारवाई की जाएगी।

# जर्जर सड़क ने बढ़ाई लोगों की मुश्किलें, आए दिन हो रही घटनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोदरी

बिल्हा को एशिया के सबसे बड़े ब्लॉक के रूप में जाना जाता है, लेकिन यहां की खराब सड़कें इसकी छवि को धूमिल करती नजर आ रही हैं। ग्राम नगपुरा से धमनी कडार सेंवार होते हुए झाल तक की सड़क जर्जर हो गई है एवं इस सड़क पर रोजाना अनगिनत घटनाएं हो रही हैं, जिसमें लोग घायल हो रहे हैं।

बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक की अनुसंशा पर पूर्व में नगपुरा से झाल तक सड़क चौड़ीकरण के लिए लोक निर्माण विभाग से 30 करोड़ 51 लाख की मंजूरी मिली थी, लेकिन लगभग डेढ़ वर्ष बाद भी सड़क का निर्माण शुरू नहीं हो सका। बारिश के मौसम में सड़क बदहाल हो गई है एवं इस पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। साथ ही पूरी सड़क कीचड़ से भर गई है, जिसके कारण रोज अनगिनत घटनाएं हो रही हैं। 2 सप्ताह पहले इसी सड़क पर धमनी निवासी हेमंत दुबे गिरकर गंभीर रुप से घायल हो गए, जिनकी रायपुर में इलाज के दौरान मौत हो गई।



### क्या कहते हैं ग्रामीण

अंकुश विश्वकर्मा पिता लक्ष्मी प्रसाद विश्वकर्मा ने बताया कि उनकी दुकान के पास रोज सुबह से शाम तक कई लोग गिरते हैं। पिछले सप्ताह एक ई-रिक्शा पलटने से 2 लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे। रामलखन वर्मा पिता गौतम प्रसाद वर्मा ने कहा कि यह सड़क जर्जर हो चुकी है, जिस पर रोजाना लोग गिरकर घायल हो रहे हैं। इसको जल्द से जल्द बनाया जाए, ताकि लोगों की हड्डियां टूटने से बच सकें। खुंटे महाराज ने बताया कि उनके घर के सामने रोज कभी स्कूली बच्चे गिरते हैं तो कभी आवागमन करने वाले लोग गिरते हैं, कभी-कभी बड़े वाहनों के गुजरने पर स्कूली बच्चों के कपड़े गंदे हो जाते हैं। रामेश्वर रजक ने बताया कि कई गांवों के बच्चे इसी रोड से होकर स्कूल जाते हैं गिरकर घर वापस होने जाने को मजबूर हो जाते हैं। भागदास सोनी ने बताया कि वे एक दिन अपने बच्चे को लेकर स्कूल का सामान खरीदने जा रहे थे, तभी गिर गए, जिससे उनके बच्चे के हाथ व सिर पर चोट आई। बच्चा अभी तक स्कूल जाने के काबिल नहीं हुआ है।

// शपथ पत्र //
(ईस्तेहार हेतु)
मैं बासुदेव साहू उम्र 67 वर्ष पिता फागूराम निवासी फ्लैट नं. बी/ 402 दिव्या माउंट अपार्टमेंट, लिंगियाडीह तह.व जिला बिलासपुर छ.ग. का हूं।
सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र बोनस साहू जो कि मेरा पुत्र है, मैं बोनस साहू का पिता हूँ।
मेरे पुत्र से संबंधित कुछ अभिलेखों में पिता अर्थात मेरा नाम वासुदेव साहू दर्ज हो गया है जिसे आज दिनांक 08/07/2025 से मेरे पुत्र के अभिलेखों में मेरा सही नाम बासुदेव साहू के नाम से जाने जावे।
हस्ताक्षर
बासुदेव साहू

आम सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने पक्षकार उमेश चंद तिवारी निवासी विनोबा नगर बिलासपुर छ.ग. से अधिकृत एवं निर्देशित होकर निम्न आशय की आम सूचना प्रकाशित करता हूं मौजा कुदुदण्ड प.ह.नं. 21 रा.नि.मं. तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. स्थिति आवासीय परिसर लविना कोर्ट स्थित द्वितीय तल का फ्लेट क्रमांक एल.सी. 202 जिसका निर्मित क्षेत्रफल 1004 वर्गफीट को आवास (फ्लेट) स्वामिनी श्रीमती निधी गोलवलकर पिता श्री रमेश निवसकर पति श्री मनीष गोलवलकर निवासी बी-701 एस.व्ही.सी. ट्रीवाक मजिस्द बान्दा रोड सांई पृथ्वी इन्क्लेव कोण्डापुर तेलंगान ने बतौर बयाना रकम प्राप्त कर उक्त फ्लेट को विक्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार से किया है जिसका निकट भविष्य में रजिस्ट्री मेरे पक्षकार के पक्ष में किया जाना है जिस पर किसी भी व्यक्ति, पक्षकार, शासकीय, अर्द्धशासकीय निजी संस्था विभाग बैंक समिति को दावा आपत्ति हो तो सात दिवस के अन्दर मेरे नीचे लिखे पते पर दस्तावेज सहित लिखित में दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि बाद दावा आपत्ति मान्य नही होगा। सो सूचना जाने।
दिनांक 10 .07 .2025
भवदीय
हरिकृष्ण शर्मा
अधिवक्ता
कार्यालय: शॉप क्र. 121
डी.एस.एस. कॉम्पलेक्स मुंगेली नाका
बिलासपुर (छ.ग.)
मो.नं. 9300293941

न्यायालय तहसीलदार लालपुर थाना जिला - मुंगेली (छ.ग.)
// ईश्तहार//
रा.प्र.क. ब-121/2025
सर्वधारणा/आम जनता ग्राम सेमरसल को सूचित किया जाता है कि आवेदक अजितराम साहू पति/पिता श्री बल्लो..जाति.. तेली साकिन सेमरसल तहसील लालपुर थाना जिला-मुंगेली (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि आवेदक के पिता/माता/ पुत्री/ पुत्र/ दादा/दादी/भाई / बहन आ. श्री सुदर्शन के मृत्यु दिनांक 15.08.2015 ग्राम सेमरसल को हो जाने के कारण जन्म / मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु इस न्यायालय से आदेश हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है।
अतः उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार का कोई दावा/आपत्ति हो तो न्यायालय में दिनांक 16.7.25 समय प्रातः 11:00 बजे दिन को स्वंय / अपने प्राधिकृत के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 01/07/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया है।
तहसीलदार
कार्यपालिक दण्डाधिकारी, लालपुर थाना जिला- मुंगेली (छ.ग.)



गुरूवार की दोपहर हुई बारिश से कलेक्टर बंगला परिसर में भरा पानी।



तहसील कार्यालय परिसर पानी में डूबा।



व्यापार विहार जाने वाली सडक पानी से लबालब।

## खबर संक्षेप

### फीस को लेकर वकील क्लाइंट में विवाद

**बिलासपुर।** फीस को लेकर महिला वकील व एक महिला के बीच जमकर विवाद हो गया। जिसका सोशल मीडिया में वीडियो वायरल हो रहा है। दोनों पक्षों ने घटना की शिकायत थाने में की है। गुरूवार को सोशल मीडिया में जिला न्यायालय परिसर फैमली कोर्ट के पास महिला वकील व एक अन्य महिला के बीच मारपीट का वीडियो जोरों से वायरल हो रहा है। महिला ने आरोप लगाया है कि फीस लेने के बाद भी महिला वकील ने केस लड़ने से इनकार कर दिया और वकीलों के सामने बाल पकड़कर मारपीट की। उसकी मां बीच बचाव करने आई तो धक्का देकर गिरा दिया। उनका भाई मोबाइल में वीडियो बना रहा था तो उसके साथ भी धक्का मुक्की की गई है। इधर वकील ने भी महिला व परिजन पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। टीआई एसआर साहू ने बताया, दोनों पक्षों ने एक दूसरे के साथ मारपीट करने की लिखित शिकायत की है। दोनों पक्ष की शिकायत की जांच की जा रही है।

### 4 लाख 54 हजार वसूली कर भागा कर्मचारी

**बिलासपुर।** मार्केट में 4 लाख 54 हजार रुपए वसूली कर गबन करने वाले कर्मचारी के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। सिरगिट्टी टीआई तोप सिंह नवरंग ने बताया, महेन्द्रा कंपनी के सेल्स मैनेजर ने रिपोर्ट लिखाई। उनकी कंपनी में काम करने वाला जांजगीर जिले का रहने वाला प्रशांत मिश्रा पेंड्रा क्षेत्र में पैसा वसूली करने का काम करता है। वसूली करने के दौरान कुछ पैसा अपने पास रखकर कुछ पैसा कंपनी में जमा कर देता था। कंपनी के द्वारा कुछ ग्राहकों का पैसा जमा नहीं होने पर दूसरे कर्मचारी को ग्राहकों के पास वसूली के लिए भेजा गया तो पता चला कि ग्राहकों के द्वारा उक्त कर्मचारी के पास पैसा जमा करा दिया गया है। इससे खुलासा हुआ कि कर्मचारी प्रशांत मिश्रा ने ग्राहकों से वसूली कर 4 लाख 54 हजार रुपए गबन कर दिया है। पुलिस ने मैनेजर की रिपोर्ट पर प्रशांत मिश्रा के खिलाफ अमानत में खयानत के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### हाजिरी नहीं देने वाला गुण्डा बदमाश गिरफ्तार

**बिलासपुर।** थाने में हाजिरी नहीं देने वाले गुण्डा बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली टीआई विवेक पाण्डेय ने बताया, टिकरापारा निवासी गोलू पासी कोतवाली थाने का गुण्डा बदमाश है। पुलिस क्षेत्र के सभी गुण्डा बदमाश को थाने में हाजिरी देने का आदेश दिया गया है। लंबे समय से गोली पासी थाने में हाजिरी देने नहीं जा रहा था। पुलिस ने उसे प्रतिबंधित धारा 151 के तहत गिरफ्तार कर लिया है।

### कलेक्टर बंगला परिसर में भरा पानी, निगम ने लगाया हॉस पंप

# बारिश से शहर लबालब, जवाली नाला भी उफान पर आया, खुली व्यवस्था की पोल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

करोड़ों रूपए खर्च कर बिलासपुर को स्मार्ट सिटी में शामिल कराया गया है, लेकिन कुछ ही घंटों की बारिश से शहर का ज्यादातर हिस्सा डुबने के कगार पर पहुंच रहा है, हालत यह है कि गुरूवार की बारिश के बाद कलेक्टर बंगले में पानी भर गया। इसकी सूचना पीडब्ल्यूडी और नगर निगम को दी गई जिसके बाद हॉस पंप से पानी बाहर निकाला गया। वहीं जीडीसी कालेज, तहसील कार्यालय, एसबीआर कालेज, तिफरा ओवर ब्रिज, ओमनगर, व्यापार विहार, जैसे इलाके जलमग्न रहे।

- **महज 2 घंटे की बारिश से सराबोर दिखी सड़क**

बारिश होते ही शहर की चौड़ी नालियां भरने लगी है, यही कारण है कि नालियों का पानी सड़क पर पहुंच रहा है। पिछले डेढ़ हफ्ते से पानी लगातार बरस रहा है, गुरूवार की दोपहर को हुई झमाझम बारिश के बाद शहर की हाल बेहाल हो गया। इस दौरान एसबीआर कालेज के ठीक सामने जल भराव की स्थिति निर्मित हो गई और देखते ही देखते लोगों की बाइक और कार पानी में डूब गई। यही हाल शहर की अन्य सड़कों का भी रहा। श्रीकांत वर्मा मार्ग, पुराना बसस्टैंड, तिफरा मन्नाडोल, अष्टमुखी मंदिर जरहाभाठा, एयरटेल आफिस सरजू बगीचा, जरहाभाठा, ओमनगर, तालापारा, तोरवा मुख्य सड़क,रेलवे स्टेशन गेट नं1, टिकरापारा, महाराणा चौक से भारतीनगर चौक, टेलीफोन एक्सचेंज रोड, अज्ञेय नगर की स्थिति खराब रही, यहां दो घंटे तक पानी भरा रहा। इस दौरान आने जाने वाले लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कई लोगों के घरों में पानी भरने के कारण घर के सामान तैरने लगे, वहीं नालियों के कीड़े मकोड़े तक घरों में घुस रहे हैं।



रेलवे स्टेशन की सड़क पर भरा बरसात का पानी। प्लेटफार्म जाने के लिए यात्री होते रहे परेशान।

### लापरवाही बनी वजह

शहर में उन जगहों पर भी जलभराव की स्थिति निर्मित हो रही है, जहां पहले कभी भी बारिश का पानी नहीं ठहरता था, इसकी वजह नगर निगम की प्लानिंग और अधिकारियों की लापरवाही जिम्मेदार है। दरअसल ठेकेदारों को मनमाने तरीके से काम सौंप अधिकारियों ने चैन की नींद ली और बिना प्लानिंग के करोड़ों रूपए के नाले बनाए गए है जबकि गली मोहल्लों की नालियां टूटी पड़ी है। जहां नालियां बनाई गई है वहां नालियों के अंदर से प्लेट और मलबा तक साफ नहीं किया गया है, ऐसे में पानी का फ्लो सड़क से होकर गुजर रहा है।

### जवाली नाला भी टापोटाप

दो घंटे की मूसलाधार बारिश के बाद ज्वाली नाला भी टापोटाप बहने लगा। शहर के ड्रेनेज सिस्टम का मुख्य सूत्रधार ज्वाली नाला ही है, ऐसे में इसके बहाव को देखने के लिए लोगों की भीड़ लग गई। मेडिकल कॉम्पलेस के पीछे ज्वालीनाला में पानी सड़क को छूने लगा था।

### अधिकारियों के घरों तक पहुंचा पानी

कलेक्टर संजय अग्रवाल के बंगले में पानी भराव की स्थिति निर्मित हो गई। इसी प्रकार जीडीसी के सामने जेल अधीक्षक खोमेश मंडावी के घर में सामने, पुलिस आफिस मेस में जलमग्न स्थिति देखी गई। जीडीसी कालेज, एसबीआर कालेज, डीपी विप्र कालेज, राष्ट्रीय पाठशाला बसस्टैंड, जिला अस्पताल जैसे जगहों में पानी भर गया।

### मौसम विभाग का अलर्ट

मौसम विभाग ने बिलासपुर समेत रायपुर और दुर्ग जिले के लिए अलर्ट जारी किया है। पिछले 24 घंटे में 11.6 मिमी बारिश दर्ज की गई है, वहीं विभाग के अनुसार प्रदेश के मध्य इलाकों में भारी बारिश हो सकती है। इस दौरान बिजली गिरने की संभावना बनी हुई है। चक्रवाती संचरण के कारण निम्न दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। वहीं द्रोणिका का असर सूरतगढ़, भिवानी, अलीगढ़, बांद्रा, झारखंड, पश्चिम बंगाल तक देखा जा रहा है। असम से विदर्भ के बीच बनी द्रोणिका का असर छत्तीसगढ़ के कई जिलों में पड़ रहा है और यह समुद्र तल से 3.1 किमी की ऊचाई में निम्न दबाव की स्थिति निर्मित कर रही है, जिसके चलते झमाझम बारिश के आसार बने हुए हैं।

### ट्रांसफार्मर की खराबी

## 5 घंटे बिजली बंद, शिकायत के बाद भी नहीं हुआ सुधार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दोपहर बाद हुई झमाझम बारिश का असर बिजली पर पड़ा, जिसके बाद से शहर के कई इलाकों में बिजली गुल हो गई। व्यापार विहार, विनोबा नगर, गायत्री मंदिर के पास ट्रांसफार्मर खराब होने की वजह से 5 घंटे बिजली बंद रही, इस दौरान उपभोक्ताओं ने विभाग से शिकायत भी की लेकिन बारिश की वजह से ट्रांसफार्मर सुधारने में देरी हुई और लोगों को शाम के बाद भी अंधेरे में रहने को मजबूर होना पड़ा।

बताया जा रहा है कि इस दौरान व्यापार विहार होलसेल मार्केट में भी काफी देर तक बिजली सप्लाई ठप रही। टिकरापारा, करबला रोड, डीपू पारा, ओम हाइटस, घोड़ादाना स्कूल जैसे इलाकों में घंटों बिजली बंद रही, इस दौरान उपभोक्ताओं ने लगातार फ्यूजकॉल सेंटर को फोन किया लेकिन कर्मचारियों ने फोन उठाना ही बंद कर दिया। बताया जा रहा है कि व्यापार विहार सबस्टेशन से निकलने वाली 33 केवी लाइन बिजली गिरने की वजह से फाल्ट हो गई थी, जिसके कारण 5 घंटे से अधिक देरी तक बिजली बंद रही, 33केवी लाइन रात 8 बजे के बाद शुरू हो सकी, लेकिन अन्य फीडरों को शुरू करने में समय लगा। इसी प्रकार हंसा विहार, अशोक नगर, चांटीडीह, गोड़पारा, गोलबाजार फीडर में भी खराबी आई हालांकि कुछ ही देर बाद बिजली बहाल कर दी गई।

### सुधार कार्य में तेजी लाने अधिकारियों की बैठक

खास बात यह है कि जहां दोपहर 3 बजे के बाद कई इलाकों में बिजली की आंखमिचौली जारी रही, वहीं गुरूवार को कार्यापालक निर्देशक कार्यालय में बिजली अधिकारियों की बैठक रखी गई।

इस दौरान एई और जेई को तय समय पर काम पूरा करने की हिदायद दी गई, वहीं मेंटनेंस के लिए शेड्यूल लेकर ही काम करने के लिए कहा गया, लेकिन दूसरी ओर शाम से ही कुछ इलाके अंधेरे में रहे।



टेलीफोन एक्सचेंज रोड पर भरा बारिश का पानी।

## रात 12.30 बजे ट्रेलर ने कार को मारी टक्कर

### तिफरा फ्लाई ओवर ब्रिज पर हुआ भीषण हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बीती रात तिफरा फ्लाई ओवर में तेज रफ्तार ट्रेलर ने स्विफ्ट कार को जबरदस्त टक्कर मार दी। हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए और एक युवक घायल होकर फंस गया। पेट्रोलिंग पाटी ने ईंट से शीशा तोड़कर भारी मशक्कत के बाद युवक को गाड़ी बाहर निकालकर सिम्स में भर्ती कराया है। हादसे के बाद ट्रेलर छोड़कर ड्राइवर भाग गया।

- **शीशा तोड़कर घायल युवक को निकाला गया बाहर**

9 जुलाई की रात 12.30 बजे राजीव गांधी चौक से स्विफ्ट कार से एक युवक रायपुर रोड की ओर जा रहा था। तिफरा फ्लाई ओवर पर रायपुर रोड की ओर से आ रहे ट्रेलर के ड्राइवर ने तेज गति से लापरवाही पूर्वक चलाते हुए रांग साइड में जाकर स्विफ्ट को टक्कर मार दी, जिससे कार के परखच्चे उड़ गए।



तिफरा स्थित फ्लाई ओवर ब्रिज पर दुर्घटनाग्रस्त ट्रक व कार।

युवक गंभीर रूप से घायल होकर कार के अंदर फंस गया। हादसे के बाद ट्रेलर छोड़कर ड्राइवर भाग निकला। इधर ब्रिज में दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। सूचना पर पेट्रोलिंग पार्टी के आरक्षक रंजीत खलखो मौके पर पहुंच गए। हादसे के बाद स्विफ्ट कार लाक हो गई थी। काफी मशक्कत करने के बाद भी दरवाजा नहीं खुलने पर आरक्षक ने ईंट से दरवाजे का शीशा तोड़कर लाक खोला। उसके बाद घायल युवक को तत्काल इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। इधर क्षतिगस्त कार व ट्रेलर को हटाकर थाने भेजा गया। उसके बाद आवागमन सामान्य हो पाया है।

## नशे में यात्रियों से दुर्व्यवहार करने वाला वाणिज्य पर्यवेक्षक निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शराब के नशे में यात्रियों से दुर्व्यवहार करने वाले वाणिज्य पर्यवेक्षक संजय कुमार रजक को बिलासपुर मंडल के सीनियर डीसीएम अनुराग कुमार सिंह ने निलंबित कर दिया है।

रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार बिलासपुर रेल मंडल के बैकुंठपुर स्टेशन में संजय कुमार यादव वाणिज्य पर्यवेक्षक के पद पर पदस्थ है। पिछले कई दिनों से संजय कुमार यादव शराब पीने के बाद बुकिंग काउंटर में जाकर यात्रियों के साथ दुर्व्यवहार कर रहा था। इसकी शिकायत बिलासपुर मंडल के अधिकारियों को यात्रियों और कर्मचारियों के माध्यम से मिली थी। इस शिकायत को गंभीरता से लेते हुए प्राथमिक जांच के आरोप प्रथम दृष्टया प्रमाणित किए गए। इस मामले में त्वरित संज्ञान लेते हुए वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह ने वाणिज्य पर्यवेक्षक संजय कुमार रजक के खिलाफ तत्काल प्रभाव से निलंबन की कार्रवाई की है।

इस संबंध में बिलासपुर रेल मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह ने बताया कि यात्रियों के साथ अनुचित व्यवहार किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। रेल प्रशासन यात्रियों को सम्मानजनक और सहज सेवा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस प्रकार की घटनों की पुनरावृत्ति रोकने हेतु लगातार निगरानी व कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।

### झांसा देकर युवती से 2 लाख 92 हजार की ठगी

**बिलासपुर।** मुनाफा कमाने का झांसा देकर एक युवती से 2 लाख 92 हजार रुपए की आनलाइन ठगी कर ली गई है। पुलिस अपराध कायम कर जांच में जुट गई है। सिविल लाइन टीआई एसआर साहू ने बताया, महाराणाप्रताप चौक निवासी अनुष्का सिंह को 1 जुलाई को इंस्टाग्राम में एक लिंक मिला। लिंक के जरिए उन्हें एक वाट्सएप नम्बर फिर टेलीग्राम लिंक पर रजिस्टर करने कहा गया। शुरूआत में 100 रुपए ट्रांसफर करने पर उन्हें 228 रुपए लौटाया गया। इसके बाद उन्हें टास्क पूरा करने के नाम पर अलग अलग यूपीआई आईडी में 2 लाख 92 हजार ट्रांसफर कराया गया है। बाद में टेलीग्राम में लिंक भेजकर कहा गया पैस वापस पाने के लिए 61 हजार रुपए जमा करने होंगे। उन्होंने रकम भेजने से इनकार कर दिया तो उनसे कहा गया कंपनी की नीति यही है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
12 ज्योतिर्लिंग
स्लीपर मात्र 16,500/
रिजर्वेशन कोच
13 अगस्त, 10 सितंबर, 24 सितंबर, 01 अक्टूबर, 29 अक्टूबर, 12 नवम्बर, 10 दिसम्बर, 17 दिसम्बर 2025 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
राशिः-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

## इंस्टाग्राम में दोस्ती कर युवती से अनाचार, नाबालिग गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

### सम्प्रेक्षण गृह भेजा गया नाबालिग



इंस्टाग्राम में दोस्ती करने के बाद नाबालिग ने युवती को मिलने के लिए बुलाया। उसके बाद अपने दोस्त के घर ले जाकर उसके साथ अनाचार किया। पुलिस ने नाबालिग को गिरफ्तार कर बाल सम्प्रेक्षण गृह भेज दिया है। तारबाहर पुलिस के अनुसार, पड़ोसी जिला की रहने वाली एक 20 वर्षीय युवती एक माह पूर्व काम करने के लिए शहर आई और सरकण्डा क्षेत्र में किराए के मकान में रह रही है।

इंस्टाग्राम के माध्यम से उनका रिटायर्ड बीईओ के नाबालिग बेटे से दोस्ती हुई। 3 जुलाई को नाबालिग ने युवती को मिलने के लिए मैग्नेटो माल के पास बुलाया। युवती के आने पर वह अपनी बुलेट में बैठाकर तारबाहर क्षेत्र में दोस्त के मकान में लेकर गया और शादी करने का झांसा देकर डरा धमका कर शारीरिक संबंध बनाया। उसके बाद फिर से नाबालिग युवती को मिलने के लिए बुला रहा था, नहीं आने पर धमकी दे रहा था।

- **युवती को लगातार दे रहा था धमकी**

पीड़िता ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने नाबालिग को गिरफ्तार कर बाल सम्प्रेक्षण गृह भेज दिया है।

### इंजीनियर के खिलाफ जुर्म दर्ज

तारबाहर पुलिस के अनुसार, सरकण्डा क्षेत्र की रहने वाली एक युवती मैग्नेटो माल में काम करती है। पूर्व में हैदराबाद से इंजीनियर कृष्णा यादव मॉल आया हुआ था। इसी दौरान दोनों के बीच परिचय हुआ। उसके बाद इंजीनियर युवती को अपने परिचित के घर में मिलने बुलाया और शादी करने का झांसा देकर अनाचार किया। उसके बाद वह युवती को बाहर बुलाकर भी संबंध बनाता रहा। बाद में उसने शादी करने से इनकार कर दिया। पुलिस ने इंजीनियर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।